दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 273
कोटद्वार गुरूवार
9 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## ईडी की वजह से एक मंच पर आ गई विपक्षी पार्टियां: पीएम

### पीएम मोदी का तंज,एजेंसी को धन्यवाद कहें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करता हूं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे पहले भी कई बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करने का अवसर मिला है, लेकिन इस बार मैं धन्यवाद के साथ-साथ राष्ट्रपति जी का अभिनंदन भी करना चाहता हूं।

मोदी ने कहा कि अपने विजनरी भाषण में राष्ट्रपति ने हम सबको और करोड़ों देशवासियों का मार्गदर्शन किया है। गणतंत्र के मुखिया के रूप में उनकी उपस्थिति ऐतिहासिक और देश की बहन-बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। कई सांसदों ने चर्चा में हिस्सा लिया। अपने-अपने आंकड़े और तर्क दिए। सांसदों ने अपनी रुचि के अनुसार अपनी बातें रखीं। जब इन बातों को गौर से सुनते हैं, समझने का प्रयास करते हैं। तो ध्यान में आता है कि किसकी कितनी क्षमता, योग्यता, समक्ष और इरादा है। देश भी इसका मूल्यांकन करता है। कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा ईकोसिस्टम, समर्थक उछल रहे थे। खुश होकर कहने लगे, ये हुई न बात! शायद नींद भी अच्छी आई होगी, शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, अच्टे ढंग से कहा गया है

हमारे पड़ोस में जिस प्रकार से हालात बने हुए हैं। कौन इस पर गर्व नहीं करेगा कि ऐसे समय में भी देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर पजिटिविटी है। देश के लिए गर्व की बात है, लेकिन मुझे लगता है शायद इससे भी कुछ लोगों को दुख हो रहा है। एक समय था छोटी-छोटी टेक्नोलजी के लिए देश तरसता था। आज देश बड़ी ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया के लोग अपने वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी नहीं देख पाते हैं। आज हम इसे मोबाइल में ही देख सकते हैं। सदन में हंसी-मजाक, टीका-टिप्पणी, नोकझोंक होती रहती है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज राष्ट्र के रूप में गौरवपूर्ण अवसर हमारे सामने खड़े हैं। गौरव के क्षण हम जी रहे हैं।

निराशा में डूबे कुछ लोग इस देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। उन्हें भारत के लोगों की उपलब्धियां नहीं दिखती हैं। देशवासियों के प्रयास का परिणाम है, जिसके कारण दुनिया में डंका बज रहा है। बीते 9 सालों में भारत में 90 हजार स्टार्टअप.. दुनिया में हम स्टार्टअप के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। इतने कम समय में 108 यूनिकर्न बने। 100 साल में आई यह भयंकर महामारी, दूसरी तरफ युद्ध की स्थिति, बटां हुआ विश्व और इस संकट के माहौल में भी देश को जिस तरह से संभाला गया है, इससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है।

खेल की दुनिया में खिलाड़ी अपना रुतबा दिखा रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है। बेटियों की भागीदारी बराबर होती जा रही है। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल कलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्पोर्ट्स के अंदर भारत का परचम.. हमारे बेटे-बेटियां लहरा रही हैं। कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। काका हाथरसी ने कहा था, ष्आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीनष् निराशा का कारण है.. जनता का बार-बार हुकुम, लेकिन साथ-साथ इस निराशा के बीचे जो मन में पड़ी चीज है। वो चौन से सोने नहीं देती है। 2004 से 2014 भारत की अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। 10 साल में महंगाई डबल थी। इसलिए कुछ अच्छा होता है तो निराशा होती है। जिन्होंने बेरोजगारी दूर करने के वादे किए थे। एक बार जंगल में दो नौजवान शिकार करने के लिए गए। वो गाड़ी में अपनी बंदूक रखकर बाहर टहलने लगे, लेकिन वहीं पर उन्हें बाघ दिखाई दिया। बाघ दिखा तो उन्होंने लाइसेंस दिखाया कि मेरे पास बंदूक का लाइसेंस है। इन्होंने भी बेरोजगारी दूर करने के नाम पर कानून दिखाया। ये इनके तरीके हैं।

2004 से 2014 आजादी के इतिहास में घोटालों का समय रहा। कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत के हर कोने में आतंकवादी हमलों का सिलसिला 10 साल चलता रहा। हर नागरिक असुरक्षित था। 10 साल में जम्मू-कश्मीर में हिंसा होती रहती थी। 10 सालों में भारत की आवाज ग्लोबल प्लेटफर्म पर कमजोर थी। दुनिया इसे सुनने के लिए तैयार नहीं थी। आज हर मौके को मुसीबत में पलटना यूपीए की पहचान बन गई है।

ऊर्जा का देश के विकास में अपना एक महत्व होता है। भारत की ऊर्जा शक्ति के उभार की दिशा में चर्चा की जरूरत थी। इस सदी के दूसरे दशक में भारत की चर्चा ब्लैकआउट के नाम पर हुई। पूरी दुनिया में ब्लैकआउट चर्चा में आ गया। कोयला घोटाला चर्चा में आ गया। लोकतंत्र में आलोचना का बहुत महत्व है। सदियों से लोकतंत्र हमारी रगों में पनपा हुआ है। आलोचना लोकतंत्र की मजबूती के लिए, लोकतंत्र की आत्मा के लिए आलोचना एक शुद्धि यज्ञ है। बहुत दिनों से इंतजार कर रहा हूं कोई तो आलोचना करेगा, लेकिन आरोपों में 9 साल गंवा दिए। चुनाव हारने पर ईवीएम को दोष, चुनाव आयोग को गाली.. क्या तरीका है। अगर भ्रष्टाचार की जांच हो रही है तो जांच एजेंसियों को गाली दो। अगर सेना पराक्रम करे तो सेना की आलोचना करो। कभी देश के विकास की चर्चा हो तो आरबीआई को गाली दो।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड का क्रेज है। कोरोना काल में ऐसा ही कहा गया था कि भारत की बर्बादी पर हार्वर्ड में स्टडी होगी। कल फिर सदन में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते सालों में हार्वर्ड एक बढ़िया स्टडी हुई। उसका टपिक था.. द राइज एंड डिक्लाइन अफ इंडिया कांग्रेस पार्टी.. मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड ही नहीं बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटियों में भी स्टडी होनी है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी स्टडी होगी।

## लोकसभा में अदाणी मुद्दे पर कुछ नहीं बोले मोदी, राहुल का तंज-मित्र को बचा रहे प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। हालांकि इस दौरान अदाणी को लेकर लगाए जा रहे विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कुछ नहीं कहा। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सदन के बाहर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन पर पलटवार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर अदाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम ने एक भी जवाब नहीं दिया। उनके भाषण से सच्चाई दिखती है। अगर (अदाणी) मित्र नहीं है तो उनको कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे।

लोकसभा में प्रधानमंत्री के भाषण के बाद सदन के बाहर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं संतुष्ट नहीं हूं। पीएम के संबोधन में अदाणी मामले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन में सच्चाई दिखती है। उन्होंने एक भी जवाब नहीं दिया। जांच कराने की बात नहीं की। अगर मित्र नहीं हैं तो कहते ठीक है मैं जांच कराउंगा, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। राहुल गांधी ने आगे जवाब देते हुए कहा कि उनका (अदाणी) शेल कंपनी, डिदें स इंडस्ट्री में बहुत बेनामी पैसा घूम रहा है। उस पर प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री उनकी रक्षा कर रहे हैं। ये राष्ट्रीय सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर का मामला है प्रधानमंत्री को कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे। बहुत बड़ा घपला है। जरूर उनको बचाने की कोशिश कर रहे हैं मैं समझता हूं ऐसा क्यों है।

## कोर्ट में घुसा तेंदुआ: सामने मौत देख मची भगदड़, हमला कर तेंदुए ने कई लोगों को किया लहूलुहान

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद कोर्ट में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ वहां घुस आया। तेंदुए ने कोर्ट के अंदर मौजूद कई लोगों पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, सीजेएम कोर्ट के अफिस न050-के सामने जूते पलिश करने वाले सलीम नाम के शख्स पर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया। शाम 4:10 पर कचहरी में आईएमटी की तरफ से अचानक तेंदुआ घुस आया था। जिसके बाद पहली मंजिल पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में घुस गया। तेंदुए को देख पूरे कचहरी परिसर में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पुलिस आयुक्त और वन विभाग को टीम को दी गई है। खबर लिखे जाने तक तेंदुआ किसी अदालत में घुसा हुआ था। जिसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मुकदमों की पैरवी करने आए वादी एवं प्रति वादियों को तेंदुए ने लहूलुहान कर दिया। अदालत में तीसरे तल पर कैद न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को अदालत से बाहर निकाला जा रहा है। वन कर्मियों का कहना है कि अदालत खाली कराने के बाद ही प्रथम तल से सीढ़ी के रास्ते से निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## सीबीएसई : 16 हजार छात्र देंगे 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा

**हल्द्वानी।** बीएसई के 15 फरवरी से शुरू हो रही 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए बोर्ड ने नैनीताल जिले में 37 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार कक्षा 10 में जिले के 8207 व 12वीं में 8102 परीक्षार्थी पंजीत हैं। परीक्षा 5 अप्रैल तक चलेंगीद्य बोर्ड ने परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए हैं।

## सीबीएसई परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगाई

**नई टिहरी।** केन्द्रीय माध्यमिक बोर्ड की आयोजित की जाने वाली कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की वर्ष 2022-2023 की वार्षिक परीक्षा आगामी 15 फरवरी से आयोजित होगी। जिसे देखते हुए जनपद टिहरी गढ़वाल के तहत बनाये गये 14 सेंटरों पर 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाने के आदेश दिए गये हैं। परगना मजिस्ट्रेट टिहरी अपूर्वा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परगना टिहरी अन्तर्गत 14 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इन केंद्रों पर परीक्षा के सफल सम्पादन एवं परीक्षा केन्द्रों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखे जाने को परीक्षा अवधि आगामी 15 फरवरी से परीक्षा समाप्ति तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों यथा जवाहर नवोदय विद्यालय पौखाल, केन्द्रीय विद्यालय नई टिहरी, सेन्ट एन्थोनी पब्लिक स्कूल नई टिहरी, मोडन स्कूल चम्बा, अटल उत्ष्ठ कालेज पौड़ीखाल, अटल उत्ष्ठ विद्यालय चम्बा के 200 मीटर की परिधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधज्ञा लागू करने के आदेश दिये गये है। यह आदेश परीक्षा समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

## उत्तराखंड के लिए 138 करोड़ मंजूर

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को विशेष सहायता और अन्य परियोजनाओं के निर्माण के तहत 138 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह राशि दिल्ली में बन रहे उत्तराखंड निवास, टनकपुर बस नर्मिनल और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के विकास और इलैक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन आदि की स्थापना के लिए मंजूर की गई है।

## जोशीमठ पर 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक टली

**देहरादून** ।उत्तराखंड में 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक टल गई है। अब ये बैठक 15 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में होगी। ये बैठक जोशीमठ आपदा प्रभावितों के पुनर्वास पैकेज पर निर्णय के लिए काफी अहम मानी जा रही है। बैठक स्थगित होने का कारण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की अंतिम रिपोर्ट में हो रही देरी मानी जा रही है। बता दें कि जोशीमठ के आपदा प्रभावितों की निगाहें प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक पर लगी हैं। इस बैठक में उनके विस्थापन और पुनर्वास पैकेज पर निर्णय होना है। शासन स्तर पर गठित हाईपावर कमेटी ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। प्रस्ताव के तहत आपदा प्रभावितों के लिए पुनर्वास पैकेज के तीन विकल्प तय किए गए हैं। हालांकि इसके लिए धनराशि का खुलासा नहीं किया गया है।माना जा रहा है कि सरकार जोशीमठ में तकनीकी जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

इस रिपोर्ट के आधार पर उसके लिए राहत एवं पुनर्वास पैकेज तय करना सहज हो जाएगा।

### रविशंकर प्रसाद का राहुल गांधी पर पलटवार

## जमानत पर बाहर लोग सरकार पर लगा रहे आधारहीन आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद जमानत पर बाहर हैं, वे सरकार के खिलाफ आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। 'राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में बोलते हुए, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने मंगलवार को जो टिप्पणी की थी, वे निराधार, शर्मनाक और झूठ से भरी थी। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी निराशा की भावना से भरी थी।

बता दें कि राहुल गांधी ने मंगलवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर सरकार पर जमकर हमला किया था। राहुल गांधी ने दावा किया था कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद गौतम अडानी की संपत्ति में जमकर वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि गौतम अडानी वैश्विक अमीर सूची में 609वें से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

इसको लेकर, रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा, श्जो लोग जमानत पर बाहर हैं और वर्तमान में नेशनल हेराल्ड मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं, वे सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।श उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सच को स्वीकार नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस सच को स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि लोगों ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में दो बार चुना है और 2024 में फिर एकबार चुनेंगे।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अडानी समूह का निवेश राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल में भी हुआ है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने विदेशों में अडानी की संपत्ति के संबंध में राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों का भी खंडन करते हुए कहा कि यूपीए शासन के दौरान भी समूह ने विदेशी निवेश किया था।

भाजपा सांसद ने कहा, राहुल गांधी को भारतीय व्यवसायों के विकास से समस्या है। मोदी सरकार के तहत चीजें बदल गई हैं। अब कारोबार ईमानदारी से बढ़ रहा है और कमीशन और सौदे बंद हो गए हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी को समस्या है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में शशि थरूर को कहा थैंक यू शशि जी

**नई दिल्ली एजेंसी,** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोक सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए जमकर निशाना साधा। इस दौरान एक ऐसा भी पल आया जब प्रधानमंत्री ने लोक सभा में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को धन्यवाद कहते हुए उन्हें थैंक यू शशि जी तक कह दिया।

भाषण के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों को गिनाना शुरू किया तो कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी सहित कई कांग्रेस सांसद विरोध में कुछ बोलते नजर आए। बाद में विरोध जताते हुए कांग्रेस सांसदों ने अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में लोक सभा से वकआउट कर दिया।

## तुर्की में फंसा कोटद्वार का युवक, परिजनों की बढ़ी चिंता

### पदमपुर सुखरौ पोखरियाल कालोनी का रहने वाला है विजय कुमार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पदमपुर सुखरौ पोखरियाल कॉलोनी निवासी एक युवक तुर्की में फंसा हुआ है। युवक के बड़े भाई ने बताया कि पांच फरवरी को उनकी अपने छोटे भाई से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। लेकिन, इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिवार ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए केंद्र सरकार के साथ मिलकर युवक की सुध लेने की मांग उठाई।



**कोटद्वार तहसील में पहुंचे युवक के भाई**

पदमपुर निवासी विजय बैंगलौर की एक निजी कंपनी में कार्य करता है। विजय के बड़े भाई अरूण कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को विजय कंपनी के कार्य से तुर्की गया हुआ था। बताया कि पांच जनवरी को परिवार की वीडियो काल के माध्यम से भाई से बात भी हुई थी। लेकिन, छह फरवरी को भूकंप आने के बाद से उनका अपने भाई से संपर्क नहीं हो पाया है। भाई के मोबाइल पर काल तो जा रही है। लेकिन, कोई भी फोन नहीं उठा रहा। जानकारी जुटाने पर पता चला है कि जिस होटल में उनका भाई रुका हुआ था वह भूकंप से पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। बताया कि उनके छोटे भाई विजय का एक पांच साल का बेटा भी है। भाई से संपर्क नहीं होने के कारण परिवार की चिंता बढ़ने लगी है।

## उत्तराखंड को हाईवे चौड़ीकरण के लिए मिले 2500 करोड़



**देहरादून।** केंद्र सरकार ने उत्तराखंड से जुड़ दो राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण के लिए 2500 करोड़ से अधिक का बजट मंजूर कर दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी की ओर से इस संदर्भ में ट्वीट कर जानकारी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार सुबह ट्वीट कर बताया कि देहरादून जिले में भानियावाला से ऋषिकेश तक हाईवे को फोर लेन करने के लिए 1036 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस राशि से 21 किमी एनएच का चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। जिसमें भानियावाला से जौलीग्रांट तक एलिवेटेड रोड के साथ ही सात मोड पर फ्लाईओवर और अंडर पास भी शामिल हैं। इसके साथ ही इस बजट में हाईवे चौड़ीकरण परियोजना में आने वाली जमीन का मुआवजा भी शामिल किया गया है। इसी तरह बरेली सितारगंज हाईवे चौड़ीकरण के लिए 1464 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस परियोजना के तहत हाईवे के 12 किमी उत्तराखंड के हिस्से में भी काम होगा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने बरेली पीलीभाती हाईवे परियोजना के तहत सितारगंज बाईपास निर्माण की भी ट्वीट कर जानकारी दी है।

प्रमुख सचिव लोनिवि आरके सुधांशु ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से इन परियोजनाओं के लिए बजट मांगा था जिसके बाद अब केंद्र ने बजट मंजूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के तहत आने वाली इन परियोजनाओं पर अब जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने जताया आभाररू राज्य की दो हाईवे परियोजनाओं के चौड़ीकरण के लिए 2500 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री की ओर से राज्य से जुड़ी हाईवे परियोजनाओं के लिए बजट मंजूर होने के संदर्भ में ट्वीट किए जाने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने भी ट्वीट किया और केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में हाईवे और इंफ्रे प्रोजेक्ट पर बड़े स्तर पर काम चल रहा है और नया बजट मंजूर होने के बाद इस काम में तेजी आऐगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द इन परियोजनाओं का काम पूरा होगा।

उधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि इस सड़क की मंजूरी से स्थानीय लोगों के साथ ही उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों के लिए आसानी होगी।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा, राज्यपाल के भाषण में घोटालों का जिक्र नहीं

**कोलकाता एजेंसी,** ।पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल सीवी आनंद बोस के शुरुआती भाषण से भ्रष्टाचार के हालिया मुद्दों के संदर्भ में चूक के खिलाफ विपक्षी बेंच के भाजपा सदस्यों ने जोरदार विरोध किया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्यपाल के अभिभाषण से जानबूझकर भ्रष्टाचार के मुद्दों का जिक्र हटा दिया गया है। भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट करने से पहले चोर धरो, जेल भरो के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच कई बार राज्यपाल का भाषण बमुश्किल सुनाई दिया था।

## बदरीनाथ हाईवे पर चट्टान टूटने से एक बाइक सवार पूर्व सैनिक की मौत

**चमोली।** बुधवार दोपहर को कर्णप्रयाग के समीप बदरीनाथ हाईवे पर चट्टान टूटने से एक बाइक सवार पूर्व सैनिक की मौत हो गई। बताया जा रहा कि बाइक सवार पूर्व सैनिक कर्णप्रयाग से गौचर की ओर जा रहा था। सड़क पर भारी मात्रा में बोल्डर आने से करीब दो घंटे तक यातायात बंद रहा। वहीं पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ ने रेसक्यू कर शव निकाला।

बदरीनाथ हाईवे पर खड़ीखाड़ के सास दोपहर करीब तीन बजे अचानक चट्टान टूटकर आ गिरी। सड़क पर भारी और बड़े बोल्डर आने से इस दौरान यहां से गुजर रहे एक बाइक सवार समेत मलबे में दब गई। यहां आस पास काम रहे श्रमिकों की सूचना पर पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे के रेसक्यू के बाद बोल्डरों से दबे बाइक सवार के शव को निकाला गया। जिसकी शिनाख्त जगदीश सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी सिरोली, भटोली हाल निवासी गौचर के रूप में हुई। सिरोली के सुनील गुसाईं ने बताया कि मृतक जगदीश सिंह करीब तीन साल पहले सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने परिवार के साथ गौचर में रह रहा था। और बुधवार को कर्णप्रयाग से गौचर अपनी बाइक से जा रहा था। बताया कि मृतक पूर्व सैनिक के दो छोटे बच्चे, पत्नी और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# यात्रा मार्गो पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं की जाए : डीएम



चमोली : आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभागों को चारधाम यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्वालुओं के लिए यात्रा मार्गों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एनएचआईडीसीएल, लोनिवि तथा बीआरओ के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में यात्रा मार्ग को सुचारू व सुरक्षित रखने के लिए पूरे इंतेजाम किए जाए। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में संबधित कार्यदायी संस्था के साथ सड़कों का निरीक्षण करें। यात्रा मार्ग पर अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के साथ ही वैकल्पिक मार्गो का भी सुधारीकरण किया जाए। श्रद्वालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए यात्रियों का पंजीकरण, पुलिस सहायता केन्द्र, चैक पोस्ट, बैरियर पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पीआरडी जवानों को यात्रा संचालन का विशेष प्रशिक्षिण दिया जाए। यात्रा के दौरान ट्रैफिक मैनजमेंट, पार्किंग, आवास, भोजन, पानी, शौचालय एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ किया जाए। पंजीकृत वाहनों की फिटनेस तथा ग्रीन कार्ड निर्गत किए जाने हेतु परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जल संस्थान को बद्रीनाथ तथा हेमकुण्ड यात्रा मार्ग में प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम की व्यवस्था तथा यात्रा मार्ग के सभी स्टैण्ड पोस्ट, टीटीएसपी, पीटीएसपी को सुचारू करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को यात्रा मार्ग पर विद्युत व्यवस्था वहाल रखने को कहा।

नगर निकायों को यात्रा पढाव एवं यात्रा मागी पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सफाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। पर्यटन एवं सुलभ इंटरनेशनल को यात्रा मार्ग पर शौचालयों की मरम्मत, निर्माण के साथ ही विद्युत व पानी की आपूर्ति एवं धर्मशाला, आश्रम, होटलों में मूल्य निर्धारण के साथ रेट लिस्ट चस्पा कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। यात्रा मार्ग होटल के अलावा होमस्टे में यात्रियों के ठहरने की अतिरिक्त व्यवस्था करने के साथ ही कन्ट्रोल रूम के नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन रोकने के साथ कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

## 65 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

रुड़की। कलियर में एक दुकान पर गोमांस बेचने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर एक व्यक्ति को 65 किलो प्रतिबंधित मांस के गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी जहांगीर अली ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि कलियर में एक दुकान पर गोमांस बेचा जा रहा हैं। सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। दुकान पर मौजूद एक व्यक्ति को 65 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख निवासी पिरान कलियर बताया है। उसके खिलाफ गोवंश अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी जहांगीर अली, एसआई नवीन नेगी, सोनू कुमार, राहुल नेगी, रविन्द्र बालियान शामिल रहे।

## प्रतियोगिताओं के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान किया

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड के न्याय पंचायत भगोती के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेडुला में बुधवार को न्याय पंचायत भगोती के 30 विद्यालयों का बाल मेला एवं सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 30 विद्यालयों के 180 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। बुधवार को नारायणबगड़ विकासखंड के न्याय पंचायत भगोती के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेडुला में बाल मेला एवं सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में सपनों की दौड़ सपनों, चित्र स्वरचित,कविता पाठ,स्टाल संयोजन, सपनों की फैंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता,वाद विवाद प्रतियोगिता प्रश्न मंत्र समेत विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर सपनों की दौड़ में राजकीय पउच्चतर विद्यालय बेडुला के प्रदीप प्रथम राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिर के पवन द्वितीय एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किमोली के सूरज कुमार तृतीय रहे। अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में सतीश सिलोड़ी, दुर्गा प्रसाद मलेथा, हरीश कंडवाल, भगवती प्रसाद सती, मनजीत गुसाईं, पवन जोशी, कृष्णानंद सती, सीमा नेगी, अनीता चंद्रवाल, अनीता रावत, रोशनी नेगी, कृष्णानंद सती, मंशी प्रसाद नैनवाल, प्रभारानी, दलवीर पटवाल, भगवती प्रसाद सती समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। (एजेंसी)

## गंगा किनारे बसे आबादी में घुस रहे हैं हाथियों के झुंड



हरिद्वार। गंगा किनारे बसी आबादी में आए दिन हाथियों का झुंड घुस रहा है। इससे लोग दहशत में हैं। वन विभाग हाथियों के झुंड को आबादी में रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। गांव मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, कटारपुर, चांदपुर, फेरुपुर, बिशनपुर, कुंडी, रानीमाजरा, किशनपुर में आए दिन हाथियों के झुंड आवाजाही करते हैं। हाथी गंगा किनारे तक पहुंचने के बाद खेतों में प्रवेश करते हैं। जिससे क्षेत्रवासियों को डर का सामना करना पड़ता है। पिछले कई दिनों से जंगल से हाथियों का झुंड लगातार आबादी क्षेत्र में पहुंच रहा है।

आबादी से सटे इलाकों में हाथियों के पहुंचने से जहां लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं हाथी कृषि क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों को भी नष्ट कर रहे हैं। मंगलवार की रात भी हाथियों का झुंड ग्राम नूरपुर पंजनहेड़ी में पहुंच गया। जहां हाथी कृषि क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद फसलों को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। जबकि कुछ कर्मचारी पहले से ही गश्त कर रहे थे। टीम ने हवाई फायरिंग कर हाथियों को कृषि क्षेत्र से निकालने का प्रयास किया, लेकिन हाथी फसलों को खाते और बर्बाद करते रहे। इसके बाद टीम कड़ी मशक्कत करते हुए हाथियों को मिस्सरपुर गंगा किनारे तक पहुंचाने में सफल रही। जिसके बाद हाथियों का झुंड वापस जंगल की तरफ लौट गया। वन दरोगा गौतम कुमार राठौर कहा कि जंगली जानवरों को कृषि क्षेत्र में आने से रोकने के लिए वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है।

## रुड़की में हुई जियो की 5–जी सेवा शुरू

रुड़की। रुड़की में जियो की 5–जी सेवा शुरू हो गई है। इससे पहले देहरादून और हरिद्वार में यह सेवा शुरू की गई थी। विधायक प्रदीप बत्रा ने सेवाओं की विधिवत शुरुआत की। कई केंद्रीय संस्थानों और सैन्य छावनी के कारण रुड़की का अपना महत्व है। अब रुड़की में लोगों को जियो की 5–जी सेवा मिलनी शुरू हो गई है। बीटी गंज स्थित जैन धर्मशाला में नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने जियो ट्रू–5 जी सेवाओं को शहर की जनता को समर्पित किया। रुड़की में 5–जी सेवा शुरू करने वाला जियो अभी पहला ऑपरेटर है। बताया कि जियो के ट्रू–5 जी से जुड़ने वाले शहरों की संख्या बढ़कर 236 हो गई है। कंपनी अधिकारियों का दावा है कि दिसंबर 2023 तक देश के हर शहर और तालुका में जियो ट्रू–5 जी का कवरेज मिलने लगेगा।

## निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता : भट्ट



नई टिहरी : टिहरी जिले की भाजपा कार्य समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय और लोकसभा की तैयारियों में जुट जाने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कार्य समिति बैठक में तैयार प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जाऐगा।

बुधवार को नई टिहरी स्थित बौराड़ी के एक निजी होटल भाजपा की कार्य समिति की बैठक के दूसरे दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्य समितियों से पूर्व राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर कार्य समितियों संपन्न हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्य समितियों की बैठक में विधायकों के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के अंतरिक राजनैतिक प्रस्ताव तैयार किये जाएगे, जिन्हें सरकार के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा जिला स्तरीय कार्य समितियों के समापन होने के बाद मंडलस्तर की कार्य समितियों का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि कार्यस समितियों की बैठक पार्टी का एक रुटीन वर्क है। पार्टी के तीन महत्वपूर्ण विषय है, जिसमे बूथ प्रबंधन,मन की बात कार्यक्रम के आगामी अप्रैल माह में सौ एपिसोड पूर होने वाले हैं, जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा के सौ बूथों पर कार्यक्रम आयोजत किए जाएंगे। इसके साथ ही राजनीतिक प्रस्तावों में जनपद और प्रदेश की राजनीतिक प्रस्थतियों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द आपदा ग्रस्त जोशीमठ के प्रभावितों के लिये बजट जारी करेगी, जिससे प्रभावितों का सही जगह विस्थापन हो सके।

## एक नजर

### नशा शरीर और करियर दोनों के लिए घातक

नई टिहरी : बालसखा परामर्श व करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चंबा ब्लॉक के राइंका ठांगधार में आदर्श व्यक्तियों की प्रेरक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नशे से पढ़ाई में आने वाली रुकावट के बारे में जनकारी दी। कार्यक्रम का सीएमओ दफ्तर में कार्यरत मनोचिकित्सक डा. रीना सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आकर छात्र अपना करियर को दांव पर लगा देते हैं। कहा कि नशा शरीर और करियर दोनों के लिए घातक है। मालती रावत ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय प्रबंधन और नकारात्मक विचारों और तनाव से बचाव के उपायों के बारे में बताया। स्कूल प्रधानाचार्य सुशील तिवाड़ी ने विशेषज्ञों की ओर से दी गई जानकारी को छात्रों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। बालसखा प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. नेहा अग्रवाल ने छात्रों को कार्यक्रम की महत्ता, उद्देश्य और करियर चुनाव हेतु अवगत कराया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजट पर चर्चा की

चमोली : बुधवार को भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बजट पर चर्चा की। साथ ही निर्णय लिया गया कि बजट में आम लोगों को मिलने वाले लाभ एवं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का होना चाहिए। ब्लाक सभागार में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बिक्रम मिंगवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भुवन नौटियाल, प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी, पूर्व प्रमुख राजेंद्र सगोई, दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष धन सिंह नेगी, नगर मंडल महामंत्री देवेंद्र नेगी, ग्रामीण मंडल महामंत्री बृजेश बिष्ट और सुभाष नौटियाल आदि ने समावेशी विकास, हरित विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार, महिला समूहों के लिए अतिरिक्त बजट आदि के बारे में जानकारियां दी। इस मौके पर नगर मंडल उपाध्यक्ष हेमंत नेगी, राजेंद्र सिंह, बीरेंद्र नेगी, आशीष बुटोला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

## आम बजट में सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने का लिया संकल्प : अग्रवाल

नई टिहरी : शहरी विकास एवं जनपद के प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि केंद्रीय आम बजट 2023–24 अमृतकाल का ऐसा पहला बजट है, जिसमें आजादी के 100 साल बाद के सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने का संकल्प दिखाई देता है।प्रेस क्लब में मंत्री अग्रवाल व विधायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह कहा। उन्होंने कहा कि इस समावेशी बजट में सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। किसान, मध्यम वर्ग, महिला, युवा व बुर्जुग के साथ–साथ औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी विकास की स्पष्ट रूपरेखा दिखती है। बजट की अवधारणा समावेशी विकासपरक, वंचितों को वरीयता एवं अन्तिम छोर तक पहुंचना है। निवेश, क्षमता विस्तारण, हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। बजट से केन्द्रीय करों में राज्य का अंश बढ़ गया है। गत वर्ष में प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उत्तर-ाखण्ड को लगभग 11420 करोड़ की प्राप्ति की सम्भावना है। इस बजट में 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण को एक वर्ष के लिए पुनः विस्तारित किया गया है। योजना के अन्तर्गत परिव्यय बढ़ा दिया गया है, जिससे आगामी वर्ष में पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जनता को समर्पित यह बजट पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच को साकार करने में सफल होगा।कृषि के क्षेत्र में परम्परागत कृषि और मिलेट (मोटा अनाज) को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खेती में स्टार्ट–अप को प्रोत्साहित किया जायेगा। प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहन दिया जायेगा वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत की जायेगी। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि जी–20 सम्मेलन का आयोजन लगभग 54 स्थानों पर किया जा रहा है। यह गौरव की बात है कि इसमें दो कार्यक्रम राज्य में भी होने है। जी–20 सम्मेलन के माध्यम से उत्तराखण्ड की संस्कृति को बढ़ाने, स्थानीय उत्पादों को परोसने एवं यहां की आबोहवा को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी। (एजेंसी)

## अवैध शराब की भट्टियां नष्ट की

हरिद्वार। कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान जारी है। आबकारी विभाग की टीम ने पथरी क्षेत्र के गांव दीनारपुर में कच्ची शराब की भट्ठियां नष्ट करते हुए कच्ची शराब बरामद की है। पथरी शराब कांड के बाद आबकारी विभाग लगातार कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई में जुटा है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाशंकर मिश्रा ने बताया कि आबकारी निरीक्षक संजय रावत की अगुवाई में टीम ने गांव दीनारपुर में छापा मारा। मौके से शराब तस्कर भाग निकलने में कामयाब रहे जबकि भट्टियां नष्ट कर दी गई। उन्होंने बताया कि मौके पर मिले छह सौ कुंतल लाहन को भी नष्ट कर दिया गया जबकि बनाई गई पांच लीटर शराब बरामद कर ली गई।

## पीएम आवास योजना के 343 लाभार्थियों को मिली तीसरी किश्त

रुड़की। नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन निर्माण के लिए तीसरी किश्त जारी कर दी गई है। 343 लाभार्थियों को सीधे उनके खाते में धनराशि उपलब्ध कराई गई है। चौथी किश्त के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया गया था। जिनको दो किश्तें पहले दी जा चुकी हैं। लेकिन अभी तक उनके मकान अधूरे पड़े हुए थे। जिसके लिए लाभार्थी लगातार नगरपलिका कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली और अधिशासी अधिकारी मौहम्मद कामिल की ओर से धनराशि दिलाए जाने के लिए प्रयास किए गए थे। अब शासन की ओर से लाभार्थियों के लिए धनराशि अवमुक्त की गई है। अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि कुल 343 लाभार्थियों को तीसरी किश्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 80 हजार रुपये भेज दिए गए हैं। कुल दो करोड़ 74 लाख 40 हजार की धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 55 लाभार्थियों को तीसरी किश्त के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन फाइलों में कुछ कमी होने के कारण इन लाभार्थियों को अभी कुछ इंतजार करना होगा। ईओ कहना है कि जिन लाभार्थियों को चौथी किश्त के रूप में भुगतान किया जाना है उनको सूचीबद्ध कर लिया गया है। शासन से पत्राचार कर ऐसे लाभार्थियों के लिए भी धन अवमुक्त किए जाने का अनुरोध किया गया है। जल्द ही उन लाभार्थियों को भी चौथी व अंतिम किश्त के रूप में धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

### अवैध खनन में चार वाहन सीज

हरिद्वार। पथरी पुलिस ने रानीमाजरा में छापेमारी कर खनन सामग्री में लगे तीन ट्रैक्टर ट्राली और एक डंपर को पकड़ा है। सभी वाहनों को फेरूपुर पुलिस चौकी लाने के बाद सीज किया गया है। पुलिस के अनुसार पथरी क्षेत्र के हर्षीवाला, भोगपुर व बिशनपुर स्थित स्टोन क्रशरों से बिना रमन्ना पर्ची के खनन सामग्री ढोने वाले तीन ट्रैक्टर व एक डंपर को पुलिस ने पकड़ा है।

## रंगदारी मांगने का आरोपी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रुड़की। महिला के घर में घुसकर रंगदारी मांगने, पति को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और पुत्र को जान से मारने की धमकी दिए जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कई थानों में भी उस पर अपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। गांव बरहमपुर जट निवासी एक महिला ने पिछले दिनों पुलिस को तहरीर दी थी कि गांव का एक युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह उसके घर में तमंचा लेकर घुसा। उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर परिवार के लोगों को डराया धमकाया और 50 हजार रुपये की मांग की। महिला का कहना था कि रुपये न देने पर उसने उसके पति को झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। साथ ही उसके पुत्र को जान से मारने की भी धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी सहित दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मैनवाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गांव के आसपास देखा गया है, जिसके बाद घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया गया।

## विद्युत समस्या समाधान शिविर में उठाई लो वॉल्टेज की समस्या

देहरादून। मुख्यमंत्री की पहल पर सरलीकरण, समाधान निस्तारण के क्रम में उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से विद्युत समस्या समाधान शिविर का ईसी रोड स्थित कार्यालय में किया गया। उद्घाटन अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रबंध निदेशक अनिल कुमार निर्देशक परिचालन एमएल प्रसाद, निदेशक वित्त एनके गुप्ता, मुख्य अभियंता वितरण एमएल आर्य, निदेशक परियोजना एके अग्रवाल, सचिव ऊर्जा वैकल्पिक ऊर्जा डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने किया। शिविर में देहरादून की चारों डिवीजन से जुड़े बिजलीघर के कर्मचारी अधिकारी एसडीओ आदि मौजूद रहे।

## हरक ने नवोदय नगर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत मंगलवार रात सिडकुल क्षेत्र स्थित नवोदय नगर पहुंचे। यहां हरक सिंह रावत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह फ्लॉप साबित हुई हैं। महंगाई, बेरोजगारी को रोकने में केंद्र सरकार नाकाम रही और राज्य सरकार का भ्रष्टाचार किसी से छुपा नहीं है। डॉ हरक सिंह रावत ने नवोदय नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में आगामी निकाय, लोकसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का संदेश दिया। डॉ रावत ने कहा कि अमृत काल में भाजपा सरकार द्वारा हर भर्ती में घोटाले किए जा रहे है। आरोप लगाया कि अंकिता हत्याकांड के हत्यारों को सरकार द्वारा बचाया जा रहा है। इस अवसर पर कुंवर सिंह बिष्ट,अतोल सिंह गुसाईं,दिनेश चंद पांडे, महावीर रावत, राकेश राजपूत, एमडी शर्मा ,सुभाष सिंह रावत,मुकुल चौहान ,लक्ष्य चौहान ,अमित, गोपाल मोंगली,कुंवर पाल आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रशिक्षित बेरोजगारों ने किया शिक्षा मंत्री आवास का घेराव



देहरादून। प्रदेश के अलग–अलग जनपदों से देहरादून पहुंचे सैकड़ों बीएड तथा डायट डीएलएड प्रशिक्षितों ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती की नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू करने को लेकर शिक्षामंत्री आवास का घेराव किया। प्रशिक्षितों का कहना है की विभाग ने सहायक अध्यापक प्राथमिक के रिक्त पदों पर वर्ष 2018,वर्ष 2020 तथा 2021 में लगभग 3000 पदों पर विज्ञप्ति जारी की थी, मगर चार वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी विभाग अभी तक नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण नही कर सका है। इससे उम्र की सीमा को पार कर चुके प्रशिक्षित बेरोजगार आक्रोशित हैं। महासंघ के पूर्व मीडिया प्रभारी अरविंद राणा का कहना है कि वो विगत लंबे समय से नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू करने को लेकर वार्ता कर रहे हैं .

## उत्तराखंड में बेरोजगारों ने शुरू किया सत्याग्रह आंदोलन, भर्ती घपलों की सीबीआई जांच की मांग



देहरादून। पटवारी और जेई–एई सहित लोक सेवा आयोग की तमाम भर्तियों में धांधली की सीबीआई से जांच कराई जाए। उसके अलावा नकल विरोधी कानून बनने और पटवारी भर्ती शामिल नकलचियों की सूची सार्वजनिक करने के बाद ही दोबारा परीक्षा हो।

इन मांगों को लेकर बेरोजगारों ने बुधवार को गाली पार्क में सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार ने कहा कि जेई एई और पटवारी भर्ती में भाजपा नेता सहित कई बड़े लोगों के नाम आए। अगर इन भर्तियों की सीबीआई जांच हुई हो तो इसमें कई और बड़े लोग लपेटे में आ सकते है।

# बेडू पाको बारामासा...




प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते शिक्षक ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर कोटद्वार में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति देन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन में मुख्य अतिथि पीएनबी बैंक के शाखा प्रबंधक महेश प्रकाश नौटियाल रहे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेश प्रकाश नौटियाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का भी छात्रों के जीवन में विशेष महत्व रखता है।

उन्होंने स्कूल की छात्रा दीक्षा धस्माना जो खेल में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित हुई का उदाहरण देते हुए उसी की तरह खेल में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने की सीख दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई जिनमें नंदा देवी राजजात यात्रा, पंच नाम देवता की जय बोला जय, बेडू पाको बारामासा में नृत्य और ड्यूड सांग ए वतन तेरे लिए की प्रस्तुतियां शामिल थी।

सीनियर वर्ग रिले रेस में ब्रावो हाउस के पीयूष व खुशी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ब्रावो हाउस के कप्तान सुमित व पायल, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में ब्रावो हाउस के कप्तान हर्षित, जूनियर वर्ग रिले रेस प्रतियोगिता में डेल्टा हाउस के नैतिक बिष्ट एवं अल्फा हाउस की अक्षरा बड़थ्वाल, टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चार्ली हाउस के हिमांशु व साहिल तथा अल्फा हाउस की अक्षरा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अल्फा के कप्तान आयुष नेगी, प्राथमिक वर्ग स्पून रेस प्रतियोगिता में कक्षा एक वर्ग में शुभ एवं अंजल, फ्रॉग रेस प्रतियोगिता में आदित्य चौहान तथा दिव्य देवरानी, सेक रेस प्रतियोगिता में देव सैनी व अंजलि गुंसाई, स्पून रेस प्रतियोगिता में कक्षा 2 वर्ग के अंश डोबरियाल, निकिता, सेक रेस प्रतियोगिता में आदित्य ध्यानी व उन्नति, थ्री लेग रेस प्रतियोगिता में अनुजा व आदित, स्पून रेस प्रतियोगिता कक्षा 3 वर्ग में दिव्यांश रावत व वैष्णवी धस्माना, सेक रेस प्रतियोगिता में सार्थक घनसाला व अनन्या रावत, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में शिवम, थ्री लेग प्रतियोगिता में अभिनव रावत व शिवम रावत को विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र ढौंडियाल व विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा ढौंडियाल ने पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका छात्र–छात्राओं के अलावा उपस्थित थे।

# 45 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोतवाली पुलिस ने शराब तस्करों पर बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने 45 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरुद्ध प्रभावी चैकिंग अभियान चलाकर कार्यवाई करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गणेश लाल कोहली, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव एवं निरीक्षक मो. अकरम के नेतृत्व में पुलिस व सीआईयू टीम ने चैकिंग के दौरान मटियाली काण्डाखाल के पास से अभियुक्त अविनाश कण्डवाल, उम्र 26 वर्ष पुत्र भाष्करानंद कंडवाल निवासी ग्राम बड़ेथ, थाना कोटद्वार को पिकअप वाहन में 45 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा सीआईयू, उपनिरीक्षक सूरत शर्मा, कांस्टेबल संतराम, अमरजीत, हरीश, राहुल फोर आदि शामिल थे।




कोतवाली कोटद्वार में अवैध शराब की तस्करी में गिरफ्तार अभियुक्त के साथ पुलिस कर्मी।

# अतिक्रमण पर निगम सख्त, सामान किया जब्त

सड़कों पर पसरे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने चलाया अभियान




कोटद्वार : शहर में नासूर बनते जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस व नगर निगम ने सड़क पर उतरकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की7 इस दौरान नगर निगम ने व्यापारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत भी पिछले कुछ समय से शहर की सड़कों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। बुधवार को नगर आयुक्त वैभव गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने बदरीनाथ मार्ग, गोखले मार्ग, स्टेशन रोड, नजीबाबाद रोड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। नगर निगम व पुलिस ने अतिक्रमण कर सड़क किनारे रखे सामान को जब्त करते हुए व्यापारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा था। ऐसे में अब नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। कहा कि अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए निगम की एक विशेष टीम भी गठित की गई है। वहीं, नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे।

## धनराशि वापस दिलवाने की मांग

कोटद्वार : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने एक्ट के तहत डूबी गई उनकी रकम को वापस दिलवाने की मांग उठाई है। बुधवार को सदस्यों ने समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि वह पीएसीएल/सहारा/ इंडिया/बाईक वोट आदि कंपनियों के ठगी के शिकार है। कंपनी से लाख गुहार के बाद भी उनका पैसा वापस नहीं दिलवाया जा रहा है। कहा कि पीड़ितों का पैसा वापस मिल सकें इसके लिए प्रशासन को उनकी मदद करनी चाहिए। इस मौके पर कृपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, कल्पना रावत, चंद्रमोहन सिंह, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर 15 फरवरी तक उपलब्ध कराएं ब्यौरा

**प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्य कोषाधिकारी पौड़ी गिरीश चंद्र ने बताया कि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 192 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 कर निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए कोषागार पौड़ी से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनर आयकर आगणन हेतु इस वर्ष के लिए निर्धारित बचतों का विवरण सभी साक्ष्यों सहित कार्यालय मुख्य कोषाधिकारी पौड़ी को 15 फरवरी 2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि निर्धारित समय सीमा तक बचतों का विवरण उपलब्ध ना होने की दशा में कार्यालय के अभिलेखानुसार आयकर आगणन कर आयकर की कटौती कर ली जाएगी। कहा कि यह सूचना कोषागार पौड़ी के पेंशनरों के लिए जारी मानी जाएगी, अन्य कोषागार पेंशनरों पर लागू नहीं होगी।

# जनप्रतिनिधियों को दिया कम्प्यूटर का प्रशिक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पंचायती राज विकास विभाग के सौजन्य व सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग व हिल्ट्रान कैल्क की ओर से विकासखंड मुख्यालय द्वारीखाल में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को कम्प्यूटर आधारित विभागीय जानकारियां दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर काजल नेगी ने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर आधारित आहरण वितरण एवं अन्य विभागीय जानकारियां दी। ब्लाक प्रमुख महेन्द्र राणा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जन प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को अपने विषयों के कार्य सम्पादन में आसानी होगी। प्रशिक्षण में जिला




ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा जनप्रतिनिधि को सम्मानित करते हुए।

पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर हिल्ट्रान निदेशक डा. नन्द किशोर जखमोला, प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी केदारदत्त कण्डवाल, सहायक विकास अधिकारी जयदीप रावत, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य कलोड़ी राजमोहन नेगी, प्रधान किन्सुर दीपचन्द्र शाह, प्रधान सयाल्ना श्रीमती संजीता देवी, क्षे.प.सदस्य बिट्टू बिष्ट, क्षे.पं.सदस्य मस्तान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव जुयाल, छत्रपाल सिंह, धर्मेन्द्र बिष्ट, सुरेश सिंह, प्रधान कुलदीप सिंह, प्रधान रिंगवाडगांव मुन्नी देवी, प्रधान गहली जितेन्द्र सिंह, प्रधान डाबर नत्थीलाल, प्रधान चमोलीगांव मीना देवी, प्रधान जमेली नीलम देवी सहित समस्त आंगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

## डीएम ने जरूरतमंदों को राहत सामग्री बांटी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जनपदीय शाखा के तत्वावधान में निराश्रित, गरीब, असहाय व्यक्तियों को सहायता सामग्री बांटी गई। डीएम एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वाल डा. आशीष चौहान ने सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंद व्यक्तियों गर्म कम्बल व सेनिटाइजर किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी सेवा के सिद्धान्त पर कार्य करती है। उन्होंने जिला स्तरीय समिति को सक्रियता से कार्य करते हुए सोसाइटी के सदस्यों की संख्या बढ़ाने को कहा है। इस मौके पर मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष ओपी भट्ट, सचिव केशर सिंह असवाल आदि शामिल थे।

# विचार मंच ने समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच के सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। मंच के सदस्यों ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कई समस्याएं व्याप्त है।

आवारा पशुओं के कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बुधवार को देवी मंदिर स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम 8 मार्च को होली का त्यौहार होने के कारण 5 मार्च को भाबर क्षेत्र में किया जायेगा। कार्यक्रम में समाजसेवा में अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा।

वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में अभी भी कई समस्याएं व्याप्त हैं, जिनका निस्तारण आवश्यक है।

सुखरौ नदी पर पुल के अभी तक ठीक तरह से न बनने, मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या व बेसहारा गौवंश की समस्या शामिल है। इन सब समस्याओं के कारण आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए इन समस्याओं का निदान आवश्यक है।

बैठक में मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी, जेपी ध्यानी, वीरेंद्र गुसाई, प्रकाश कोठारी, राकेश मोहन सुन्दरियाल, शिव प्रकाश कुकरेती, नरेन्द्र सिंह रावत, इन्द्रमणि देवरानी, शंकरदत्त गौड़, प्रभाकर ध्यानी, राजेन्द्र कुमार वर्मा, शशि किरण कंडवाल, विद्या नवानी, कौशल्या जखमोला सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

# धर्म व संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प



बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक अर्द्धसैनिक सामाजिक संस्था के सदस्यों ने धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया है। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर भी चर्चा की। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्शना नंद भारती ने समिति को धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया। कहा कि हमें अपने संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए कार्य करना चाहिए। अभिभावकों को अपने पाल्यों को बचपन से ही धर्म की जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम में मशरूम गर्ल व उत्तरखंड की ब्रांड एंबेसडर दिव्या रावत ने भी भाग लिया। इस मौके पर संस्था की संरक्षक रीमा चौहान, अध्यक्ष प्रदीप बलूनी, आनंद बल्लभ घिल्डियाल, दिवाकर लखेड़ा, राकेश मोहन थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेटों का किया सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 31 यूके बटालियन एनसीसी हरिद्वार के अंतर्गत डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के तीन कैडेटों सीनियर अंडर ऑफिसर साहिल रावत, कैडेट अरुण शर्मा व कैडेट किरन गुसाईं ने दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर एवं प्रधानमंत्री रैली में प्रतिभाग कर उत्तराखंड निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया।

कैडेटों के दिल्ली से वापस आने पर महाविद्यालय में आयोजित समारोह में तीनों एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। इस दौरान तीनों कैडेटों ने अपने अनुभव को सभी छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए कैडेटों को शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं से इन कैडेटों से प्रेरणा लेने को कहा। महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



कोटद्वार महाविद्यालय में कार्यक्रम में मौजूद कैडेट ।

# सीडी रेशों का 20 से कम होने पर बैंकों का स्पष्टीकरण तलब किया

पौड़ी : बैकर्स की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (डीएलआरसी/डीसीसी) की बैठक जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीडी रेशियों में डिपॉजिट के सापेक्ष क्रेडिट की खराब स्थिति पर इन्डसइन्ड बैंक के शाखा प्रबंधक के वेतन आहरण पर रोक की सिपारिश की है, जबकि सीडी रेशियों में 20 से कम अन्य बैंको का स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक अधिकारी (एलडीएम) को निर्देश देते हुए यमकेश्वर क्षेत्र में गुज्जरों के खत्तों में वित्तीय साक्षरता कैम्प, आधार कार्ड बनाने, बैंक खाते खुलवाने हेतु मिशन मोड पर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए गुज्जरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कहा कि गुज्जरों की आमदानी को दौगुना करने के लिए सोलर फ्रिज जैसे कान्सेप्ट पर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि शाम समय के दूध को खराब होने से बचाया जा सके।

बुधवार को आयोजित की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में इन्डसइन्ड बैंक का लगभग 132 करोड़ के डिपॉजिट के सापेक्ष केवल 3 लाख के क्रेडिट पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित शाखा प्रबंधक के वेतन आहरण पर रोक लगाने के लिए एसएलबीसी से पत्राचार करने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीडी रेशियों की स्थिति में सुधार न होने तक वेतन आहरित नहीं किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने सीडी रेशियों में 20 से कम प्रगति वाले बैंक एसबीआई, पीएनबी व सीबीआई के प्रबंधकों का स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं उन्होंने वार्षिक क्रेडिट प्लान में कृषि विभाग का गतिविधियों को सुधारने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये है। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल बैंकिग, दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में वित्तीय साक्षरता कैम्पों का आयोजन करने, पीएमईजीपी, एनआरएलएम, पीएम स्वनिधि, स्पैशल कम्पोनेन्ट प्लान, होम स्टे, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, सीवीओ डॉ. डीएस बिष्ट, एलडीएम अनिल कटारिया, डीडीएम नाबार्ड भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य बैंको के प्रबंधक व अधिकारी उपस्थित थे।

# जनता विकास कार्यों की समीक्षा करें : बेनाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पौड़ी के पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम की बीस साल की राजनीतिक पारी पूरी हो गई। उत्तराखंड आंदोलनकारी बेनाम ने पौड़ी पालिकाध्यक्ष से अपनी पारी 2000 में शुरू की थी और पौड़ी विधानसभा से ही निर्दलीय विधायक भी बने। बेनाम ने कहा कि जनता ने बीस साल तक स्वीकार किया। अपने विरोध को लेकर बेनाम ने कहा कि विकास का सभी को लाभ मिलता है। लोग इसकी समीक्षा जरूर करें।

अपने राजनीतिक जीवन के बीस साल पूरे होने पर बेनाम ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें जब भी जो पद मिला उस पर काम किया। जनता उनके कामों की समीक्षा करे।

बेनाम ने कहा कि कुछ लोग बेवजह विरोध करते हैं, लेकिन विकास कार्यों का लाभ सभी को मिल रहा है। बेनाम ने कहा कि लोगों का उन्हें हर बार साथ मिला और यही वजह भी है कि निर्दलीय भी चुनावी मैदान में जीते। 8 फरवरी को 2003 को वह निर्दलीय पौड़ी पालिकाध्यक्ष बने। 2007 में पौड़ी सीट से निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए। 2012 में चौबट्टाखाल से निर्दलीय विधायक लड़े हालांकि हार गए। इसके बाद 2013 में फिर पौड़ी पालिकाध्यक्ष बने। दिसंबर 2018 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वह फिर पालिकाध्यक्ष बने और अब तक इस पद पर है।

# स्वर्ण जयंती समारोह 24 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कण्वाश्रम स्थित वैदिक आश्रम गुरूकुल महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह 24 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय संस्थापक योगीराज स्वामी जयंत सरस्वती बताया कि 22 से 26 फरवरी तक गायत्री महामृत्युंजय रोग निवारण यज्ञ होगा।

# रानीखेत के प्रधानाचार्य को एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा



अल्मोड़ा। आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत के प्रधानाचार्य कमलेश जोशी को एक्सीलेंस इन स्कूल लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया है। देवभूमि सहोदय, हल्दवानी की तरफ से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर डॉ. रणवीर सिंह ने प्रधानाचार्य कमलेश सहित अन्य प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों सहित छात्रों एवं विद्यालय प्रबंधन ने प्रधानाचार्य जोशी को बधाई दी है।

## नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने काटे चालान

काशीपुर। शहर में आरओबी निर्माण के लिए 105 दिन तक एमपी चौक से बाजपुर रोड तक का यातायात बंद है। जिसके चलते चीमा चौराहे से कुंडेश्वरी रोड को जाने वाला मार्ग परिर्वतित किया गया है। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सीपीयू यूनिट, रामनगर रोड़, चीमा चौराहा अन्य जगहों पर लगी हुई है। बावजूद इसके चीमा चौराहे पर जाम की स्थिति बनी हुई है। गिरीताल रोड से चीमा चौराहे तक ई–रिक्शा का संचालन बंद किया हुआ है, लेकिन चीमा चौराहे से ई–रिक्शा का आवागमन चालू है।

## भोजन माता पाक कला में गीता रही प्रथम

पिथौरागढ़। विकास खण्ड स्तरीय भोजन माता पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन एनपीआरसी मदकोट में किया गया। जिसमें मुनस्यारी तथा धारचूला विकास खण्ड की 22 भोजन माताओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्ला वल्थी की गीता देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय वैगा की सीता देवी ने द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय खेतीखान की मंजू देवी व मेतली की पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी विजेता तथा प्रतिभागी भोजन माताओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अतिथियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद सिंह, ग्राम प्रधान मदकोट मंजू देवी ने दीप जलाकर किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी भोजन माताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी भूमिका की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में भोजन माताओं को विभिन्न पकवान बनाने के लिए लॉटरी से पर्ची निकाली गई। एमडीएम के तहत भोजन माताओं ने अपनी पाक कला का अच्छा प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने विजेताओं के नामों की घोषणा की। इस दौरान बीआरसी समन्वयक भीम राम ,महिला मंगल दल अध्यक्ष गंगोत्री देवी, पिंकी देवी, पूर्व प्रधान जमुना देवी, एसएमसी अध्यक्ष आनंद गिरी, बसन्ती देवी, दिनेश भंडारी, पुष्कर राम उपस्थिति रहे। दोनों विद्यालय के समस्त गुरुजनों एवं अन्य स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## महिला की चेन झपटी

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में एक महिला से चेन झपटने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आदर्श नगर गली नंबर 3 निवासी भूपेश चन्द्र पांडे की मां रविवार शाम को अपने घर आ रही थी। तभी पीछे से काली जैकेट पहने एक युवक ने उनके गले में पहनी 10 ग्राम की सोने की चेन झपट ली।

# दामाद को 10 साल की कैद



पिथौरागढ़। विधवा सास से दुष्कर्म के दोषी दामाद को अपर सत्र न्यायालय ने 10 साल की सजा सुनाई है। दो साल पूर्व दोषी ने अपनी सास के साथ रात के समय घर में घुसकर जबरन दुराचार किया था। 21 मार्च 2021 में को नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला के घर में रात को घुसकर उसके दामाद ने उसके साथ जबरन दुराचार किया था। इस दौरान दामाद ने सास के साथ मारपीट भी की। मामला प्रकाश में आने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। मेडिकल जांच में दुराचार की पुष्टि हुई थी। मामला अपर सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर के न्यायालय में चला। मंगलवार को कोर्ट ने अभियुक्त दामाद को सास से दुराचार का दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसमें 45 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में पीड़िता को दिए जाएंगे। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पंत के अनुसार, दुष्कर्म पीड़िता के पति की मौत घटना से 6 साल पहले हो चुकी थी। वह नगर के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहती थी।

## छात्राओं को दी किशोरावस्था में होने वाली परेशानियों व चुनौतियों की जानकारी

अल्मोड़ा। शहीद सुरेंद्र सिंह मेहरा राजकीय इंटर कॉलेज मनसारीनाला चौड़ा में कॅरियर काउंसलिंग हुई। इसमें डॉ. दीपिका रानी ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाली परेशानियों और चुनौतियों की जानकारी दी। किशोरावस्था पर निबंध, चित्रकला और कविता लेखन प्रतियोगिता हुई। डॉ. दीपिका रानी, गिरीश सिंह, डॉ. कंचन वर्मा ने कॅरियर की जानकारी दी। विद्यालय में कमला नेहरू पुरस्कार के लिए चयनित 7 माताओं को एक हजार प्रति अभिभावक पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र आर्य, अभिभावक समिति अध्यक्ष उमेश मेहरा, मोहम्मद फुरकान, दीप जोशी, बसंत बल्लभ जोशी, कविता कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने किया बेस अस्पताल का निरीक्षण



पिथौरागढ़। प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ एसएस संधू ने आज यहां पहुंच कर बेस अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की जल्द ही अस्पताल शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव भी इस अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा 2 दिन पहले देहरादून में इस अस्पताल के संचालन को लेकर बैठक की थी। उन्होंने कहा शीघ्र अस्पताल सीमांत के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देगा। इसके अलावा उन्होंने कहा पिथौरागढ़ एयरपोर्ट से जल्द ही विमान सेवा शुरू होगी ।एक विमान कंपनी को उड़ान के लिए अनुबंधित किया गया है। कंपनी विमान सेवा के लिए नया विमान खरीद रही है। 2 माह से कम समय में सेवा शुरू हो जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा एयरपोर्ट के विस्तार का काम किया जाएगा ।इस दौरान उनके साथ डीएम रीना जोशी अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बुलाने के बाद भी नहीं करने दिया कॉलेज में प्रवेश : कौशिक

काशीपुर। जीबी पंत इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया। बुधवार को रामनगर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य कौशिक ने स्कूल प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें कार्य मुक्त व स्कूल में प्रवेश क्यों वर्जित किया गया है। साथ ही उनका ऑफिस भी सील कर दिया गया है।

बताया कि कार्यरत कर्मचारी के प्रमोशन या ट्रांसफर पर कार्यमुक्त किया जाता है। बताया कि 8 फरवरी को समिति ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। जिसके लिए वह सभी प्रश्नों के उत्तर व साक्ष्य अपने साथ लेकर कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन उन्हें बुलाने के बावजूद भी कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया। कहा कि मेरी गैरमौजूदगी में ऑफिस में रखे दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर मेरे खिलाफ षडयंत्र रचा जा रहा है। वहीं, प्रबंधन समिति का कहना है कि उनका प्रवेश वर्जित नहीं था। कार्यमुक्त होने के बाद भी उन्हें प्रवेश दिया जा रहा था। लेकिन वह अध्यापकों द्वारा खोए हुए दस्तावेजों की दूसरी कॉपी बनवा रहे थे। जिसके बाद उनका कमरा सील किया गया और उनका प्रवेश भी वर्जित कर दिया गया।

# बेरोजगार युवाओं ने दिया धरना



पिथौरागढ़। परीक्षा धांधली को लेकर बेरोजगार युवाओं ने प्रदेश सरकार व यूकेपीसीएस के खिलाफ गांधी चौक में धरना दिया। युवाओं ने यूकेपीसीएस के अध्यक्ष व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। युवाओं ने नेताओं व अधिकारियों की पेपर लीक में संलिप्त होने पर नाराजगी जाहिर की है। बेरोजगार संघ के बैनर तले युवाओं ने प्रदेश सरकार व यूकेपीसीएस के खिलाफ एक घंटे गांधी चौक में धरना दिया। युवाओं ने कहा कि यूकेपीसीएस ने जब पेपर डबल लॉकर में रखे थे तो एक अधिकारी पर तो कार्रवाई की गई है दूसरे पर कुछ नहीं किया गया है। पेपर लीक में यूकेपीसीएस के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने पेपर लीक के 280 प्रश्न व नकलचियों की लिस्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। कहा कि आउटसोर्स भर्तियों में भी सरकार कमीशन लेकर युवाओं को भर्ती कर रही है। उसमें भी मेरिट के माध्यम से भर्ती हो जिससे युवाओं को चयन का पता चल सके। आयोग ने जहां पेपर रखे थे वहां सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने से सच्चाई का पता लग सकता है,सरकार को सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करनी चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष हिमांशु गडकोटी, उपाध्यक्ष नितिन मारकाना, भगवान सिंह, प्रकाश सिंह, मनीष टम्टा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## झूलाघाट में गदंगी से लोग परेशान

पिथौरागढ़। सीमांत क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर लगातार पहुंच रहे अधिकारियों के निर्देश के बाद भी सर्वजनिक स्थानों पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जिससे गन्दगी व बीमारियों का भय बना हुआ है। झूलाघाट पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी रीना जोशी ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ स्वच्छता को लेकर बैठक की थी। जिस पर जिलाधिकारी रीना जोशी ने जिला पंचायतराज अधिकारी सहित ब्लॉक के अधिकारियों को क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। 15दिन बीतने के बाद भी क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं है। झूलाघाट में 500से अधिक परिवार रहते हैं।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स टीम पटना रवाना

बागेश्वर। राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की टीम रवाना हो गई है। दस फरवरी से यह प्रतियागिता पटना में आयोजित होगी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 18वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता दस से 12 फरवरी तक पटना विहार में आयोजित हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए जिले की 13 सदस्यीय टीम रवाना हो गई है। टीम को रवाना करते हुए ऐठानी ने कहा कि बागेश्वर जिला हर खेल में आगे है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। इस बार भी यहां की टीम अपना लोहा मनवाएगी। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष गणेश धपोला, दरबान सिंह ऐठानी, संजीव खेतवाल, रोशन गड़िया, ललित मोहन जनौटी आदि मौजूद रहे।

## लीग मैच में जीत सिंह इलेवन का अगले चक्र में प्रवेश

अल्मोड़ा। एनसीसी मैदान में जय श्रीराम क्रिकेट टूर्नामेंट में सिंह इलेवन ने जीत दर्ज कर अगले चक्र में जगह बनाई। बुधवार को एकमात्र लीग मैच मजखाली इलेवन और सिंह इलेवन के बीच खेला गया। मजखाली इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 95 रन बनाए। जवाब में सिंह इलेवन ने मैच जीत लिया।

# डॉली रेंज मे मनाया वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह



सितारगंज – डॉली रेंज बौड़खत्ता, अनुभाग में वन क्षेत्राधिकारी महोदय नवीन पवार, के दिशा निर्देशन पर बौड़खत्ता चौकी, में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम मनाया गया ।

गोष्ठी मे ग्रामीणों और वन विभाग के कर्मचारीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया और विभाग द्वारा वनो मे अग्नि द्वारा होने वाले नुकसान के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारीया दी एवं आगामी अग्नि काल मे वनो की अग्नि से सुरक्षा मे सहयोग करने की अपील की गई साथ ही ग्रिष्म काल मे वनो मे अग्नि द्वारा होने वाले नुकशान और उनसे बचाव हेतू विस्तार पूर्वक बताया और ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की।

इस मौके पर वन दरोगा संदीप सूठां, लतिका साधक अनुभाग अधिकारी, अमर सिंह गड़ीया वन बीट अधिकारी, सामयिक श्रमिक , रोपण रक्षक, बौड़खत्ता वासी, खमारी खत्ता वासी, गूजर एवं खमारी खत्ते विद्यालय के बच्चे/विद्यार्थी आदि लोग उपस्थित थे ।

# बर्खास्त प्रधानाध्यापक पर मुकदमा दर्ज

सितारगंज। चिकाघाट प्राथमिक विद्यालय के बर्खास्त प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिक्षा विभाग को ओर से दी गई तहरीर के अनुसार मुकेश कुमार ने कूटरचित हाई स्कूल एवं इण्टरमिडिएट प्रमाणपत्र व अंकपत्र के आधार पर शिक्षा विभाग में नियुक्ति प्राप्त की। मुकेश कुमार पुत्र स्व० कोमल सिंह ग्राम सरीफनगर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश की सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय के पद पर प्रथम नियुक्ति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नैनीताल ने राप्रावि शक्तिफार्म नंबर एक सितारगंज में मृतक आश्रित कोटे में हुई। मुकेश कुमार ने 1997 में कार्यभार ग्रहण किया गया। 07 मार्च 2013 को मुकेश कुमार की पदोन्नति रा० प्रा० वि० चीकाघाट में प्रधानाध्यापक के पद पर हुई। हाईकोर्ट के आदेश 10 दिसंबर .2020 के द्वारा विकासखण्ड सितारगंज में कार्यरत शिक्षकों के हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाणपत्र सत्यापन हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यलय बरेली को प्रेषित किए गए। जिसके प्रतिउत्तर में माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय बरेली ने 18 अकटूबर 2021 को आख्या में बताया कि मुकेश कुमार हाई स्कूल में फेल थे। क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद बरेली ने 08 दिसंबर 2021 के साथ सत्यापन आख्या के क्रमांक 97 में यह भी बताया कि मुकेश कुमार का इण्टरमीडिएट परीक्षाफल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 1014715 परीक्षाफल सीपी के अन्तर्गत रोका गया है। की टिप्पणी के साथ प्रेषित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने 06 जनवरी 2022 को मुकेश कुमार को निलंबित6 कर दिया। उनको जिलाशिक्षा अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया। सात जनवरी 2022 को उनको आरोपपत्र दिया गया।

# रोजगारपक योजनाओं की जानकारी दी




बागेश्वर। जिला विधिक प्राधिकारण के तत्वावधान में मां चिल्ठा आजीविका स्वायत सहकारिता समूह मुनार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं के कौशल विकास एवं बेहतर आजीविका को लेकर रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी गई। नवीन जोशी, वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक ने स्वरोजगार को को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी दी, इसके अतिरिक्त जिला उद्योग अधिकारी बागेश्वर, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उनके विभागों द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार परख योजनाओं के सम्बंध में जानकारी दी।

# 500 क्यूसेक घट गया शारदा नदी का जलस्तर



चम्पावत। शारदा नदी में पिछले साल के मुकाबले पांच सौ क्यूसेक जलस्तर घटा है। जलस्तर घटने का कारण उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का होना बताया जा रहा है। जलस्तर घटने से बिजली उत्पादन पर फर्क पड़ने की संभावना है। चम्पावत के टनकपुर में बहने वाली शारदा नदी का जलस्तर बुधवार को 5300 क्यूसेक जलस्तर दर्ज किया गया। इसी दिन पिछले साल नदी का जलस्तर 5800 क्यूसेक था। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा ने बताया कि नदी के जलस्तर में गिरावट का कारण उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी होना है। एसडीओ ने बताया कि नदियों के उद्गम स्थल बर्फबारी की मोटी चादर से ढक जाते हैं। जिस कारण इन्हें पिघलने में समय लगता है। इसी वजह से नदियों के प्रवाह में कमी आती है। कहा कि तापमान में बढ़ोत्तरी होते ही नदी का जलस्तर बढ़ जाएगा। शारदा नदी का जलस्तर कम होने से एनएचपीसी पॉवर स्टेशन के बिजली उत्पादन में फर्क पड़ने की संभावना है। हालांकि सिंचाई विभाग पर्याप्त पानी केनाल में छोड़ रही है। इसके अलावा नेपाल को डेढ़ सौ क्यूसेक पानी यूपी सिंचाई विभाग देता है। जिसे इन दिनों नेपाल के कहने पर बंद किया गया है।

## 3.22 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा

चम्पावत। पुलिस ने 3.22 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली युवक को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस ने बीती शाम चेकिंग के दौरान नेपाल मूल के किरन जोशी पुत्र घनश्याम जोशी, निवासी ग्राम चौखुट्टी, कंचनपुर नेपाल के पास से 3.22 ग्राम स्मैक बरामद की। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में शारदा बैराज चौकी प्रभारी हेमंत सिंह कठैत, हेड कांस्टेबल जीवन चंद्र जोशी, संजय शर्मा, रघुनाथ गोस्वामी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली टीम का रुद्रपुर में स्वागत



रुद्रपुर। विश्व हिंदू परिषद की इकाई एकल अभियान की लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड की टीम ने कई पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। बुधवार को पदक जीतने वाली विजेता टीम का डिसैबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने रामपुर रोड स्थित एक होटल में फूल मालाओं से स्वागत किया।

बुधवार को एक होटल में आयोजित विजेता खिलाड़ियों के स्वागत कार्यक्रम में सेवक संघ के प्रचारक स्नेह पाल ने बताया कि पांच, छह और सात फरवरी को लखनऊमें एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तराखंड के प्रांत संभाग के 24 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमर ने 100 मी. दौड़ व लंबी कूद में रजद पदक जीता। दिव्यांशु ने लम्बी कूद में पदक जीता और दिव्यांशु ने 100 मी.दौड़ एवं 400 मी.दौड़ में कांस्य पदक जीता। कबड्डी की टीम फाइनल में पहुंच उपविजेता रही। वहीं डिसैबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वह सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करेंगे। संभाग प्रमुख कुलवीर सिंह ने बताया कि रजत पदक विजेता खिलाड़ी को पांच हजार व कांस्य पदक विजेता को तीन हजार रुपये का चेक, प्रमाणपत्र दिया गया।

# कांग्रेसियों ने नगर पालिका का किया घेराव, जांच की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नगर पालिका में जनविरोधी नीतियों को अपनाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने नगर पालिका का घेराव किया। घेराव के बाद अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया। कांग्रेसियों ने 19 सूत्रीय समस्याएं जल्द हल करने की मांग उठाई।

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जल्द इन समस्याओं का हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन से छतरीधार में हुए अवैध पत्थर घोटाले की जांच करने, यूनियन बैंक, घंटाघर व रामलीला मैदान की पार्किंग में बनाए गए होटल व अन्य की जांच करने की मांग उठाई गई। बुधवार को अपने पूर्व कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार जनविरोधी नीतियां अपनाई जा रही है। जिसके चलते शहरवासी परेशान हैं।



नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत ने आरोप लगाया कि शहर में बनाए गए कांजी हाउस में भी अनियमितता की गई है। जिसकी जांच होनी आवश्यक है। कांजी हाउस का निर्माण कर दिया गया है, लेकिन वहां पर लावारिस पशुओ को नहीं रखा जा रहा है। कहा कि नगर पालिका में ठेकेदारो का पंजीकरण पालिकाध्यक्ष के आदेश पर किए जाते है। इस मामले की भी जांच की जानी चाहिए। कांग्रेसियों ने कहा कि शहर में पिछले लंबे समय से कूड़ा निस्तारण की समस्या का हल नहीं होने से सब परेशान हैं। पालिका प्रशासन द्वारा अवैध पार्किंग का निर्माण करते हुए पार्किंग की जगह दुकान व भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

पिछले करीब 15 सालों से निर्माणाधीन बस अडडे का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों में सरिता नेगी, कमला रावत, रेखा भंडारी, युद्धवीर सिंह, मनोहर कुगशाल, डा.सिलास, अनीता रावत, वीरप्रताप, उपेंद्र रावत, हर्षी देवी, भगवती देवी, जगमोहन सिंह, आयुष भंडारी आदि शामिल थे। वहीं, पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने कहा कि कुछ लोग बेवजह विरोध करते हैं, लेकिन विकास कार्यों का लाभ सभी को मिल रहा है। लोग इसकी समीक्षा जरूर करे।

### रोटरी क्लब ने बेस अस्पताल में व्हील चीयर्स दी

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब श्रीनगर की ओर से बेस चिकित्सालय श्रीकोट में मरीजों की सहायता हेतु चार व्हील चेयर प्रदान की गई। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. रविन्द्र बिष्ट ने अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की सहायता के लिए व्हील चेयर देने पर रोटरी क्लब श्रीनगर का आभार प्रकट किया। डा. बिष्ट ने कहा कि रोटरी क्लब अस्पताल में मरीजों की सहायता हेतु जरूरतमंद सामाग्री देने के साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप सहित कई सामाजिक कायो में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जो एक सराहनीय पहल है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष खिलेन्द्र चौधरी ने कहा कि रोटरी इंडिया ह्यूमिनिटी फाउंडेशन के सौजन्य से क्लब को व्हील चेयर पहुंची थी, जिन्हें बेस अस्पताल में मरीजों की जरूरत को देखते हुए बेस अस्पताल प्रशासन को भेंट किया गया। इस मौके पर उप चिकित्सा अधीक्षक डा. अर्जुन सिंह, रोटरी क्लब के दिनेश प्रसाद जोशी, अनिल ढ़ौडियाल, डा. आरएस भंडारी, ऊषा चैधरी, बृजेश भट्ट, संदीप पंवार, हरेन्द्र सिंह राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 11 एसोसिएट प्रोफेसर को मिली पदोन्नति

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में कॅरिअर एडवांसमेंट योजना (कैस) के अंतर्गत शिक्षकों को पदोन्नति मिली है। जिससे 11 एसोसिएट प्रोफेसर अब प्रोफेसर बन गए हैं। जबकि 2 सहायक प्रोफेसरों को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति दी गई है। विवि कार्य परिषद की स्वीकृति के उपरांत पदोन्नत हुए शिक्षकों को तैनाती भी मिल गई है।गढ़वाल विवि में पदोन्नति के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार आयोजित किए गए। जिसमें एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसरों की ओर से भाग लिया गया। कुल 21 शिक्षक न साक्षात्कार की प्रक्रिया में शामिल हुए। जिसमें से 13 शिक्षकों का पदोन्नति हेतु चयन किया गया। गत चार फरवरी को कार्य परिषद की बैठक में चयनित अभ्यर्थियों के लिफाफे खोले गए। विवि के उपकुलसचिव डॉ. संजय ध्यानी के मुताबिक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र फत्र्याल व डॉ. दीपक भंडारी (जंतु विज्ञान), डॉ. प्रशांत कंडारी (अर्थशास्त्र), डॉ. मुनीष कुमार (वानिकी ), डॉ. राकेश ड्योढ़ी व डॉ. रश्मि ड्योढी (पर्यटन), डॉ. एससी सती व डॉ. एमसी पुरोहित (रसायन विज्ञान), डॉ. गोपाल कृष्ण जोशी (बायोटेक्नोलॉजी), डॉ. कुसुम डोबरियाल (संस्कृत) व डॉ. गुड्डी बिष्ट (हिंदी) को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति दी गई है। सहायक प्रो. डॉ. ममता आर्य (बायोटेक्नोलॉजी) और डॉ. बृजेश गांगिल (कंप्यूटर साइंस) का एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति हुई है। (एजेंसी)

# प्रधान संगठन ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर के ग्राम सभा डांग की महिला प्रधान द्वारा ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए गए आरोपों पर किसी प्रकार की कार्यवाही न होने पर प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने कड़ा रोष व्यक्त किया है।

पूर्व में ग्राम प्रधान डांग हेमा देवी ने एडीओ पंचायत एवं वीडीओ पर ऑडिट व कंप्यूटर ऑपरेटर के नाम पर पैंसे वसूले जाने एवं धमकी देने आरोप लगाया था। साथ ही राज्य वित्त व केन्द्र वित्त कार्यों में भी लगातार लागत से आधा कमीशन मांगे जाने की शिकायत की थी। प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने डीएम टिहरी से उक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

इस संदर्भ में उन्होंने सीडीओ टिहरी को लिखित में पत्र भी भेजा था। इस मामले में अब प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने जिलाधिकारी कार्यालय टिहरी पहुंचकर जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत डांग में कार्यरत पंचायत विकास अधिकारी द्वारा प्रधानों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा राज्य वित्त व केन्द्र वित्त कायो में भी लगातार अनियमितताएं किए जाने का आरोप लगाया है। (एजेंसी)

# बोर्ड परीक्षा के 16 मेधावी छात्र मां शारदा सम्मान से सम्मानित



रुद्रप्रयाग : बाबा केदारनाथ दास सेवा मंडल अगस्त्यमुनि द्वारा परिषदीय परीक्षा की योग्यता सूची में स्थान पाने वाले 16 मेधावी छात्र–छात्राओं को मां शारदा सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि अटल उत्कृष्ट राइंका अगस्त्यमुनि के शिक्षक धीर सिंह नेगी को श्री दास सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न एवं पारितोषिक दिया गया। अटल उत्कृष्ट राइंका अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद सिमल्टी ने कहा कि संघर्षों की बदौलत ही यह सफलताएं हासिल होती है। किसी भी संघर्ष के लिए मानव में निष्ठा, समर्पण व आत्मविश्वास होना जरूरी है। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा ले रहे और छात्रों को भी मेधावियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि अध्यापिका डॉ. गीता नौटियाल ने कहा कि यदि त्याग व समर्पण की भावना से जीवन पथ पर आगे बढ़ा जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। सांसद प्रतिनिधि श्रीनन्द जमलोकी ने कहा कि विद्यालय में सांसद निधि से अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए गढ़वाल सांसद से वार्ता की जाएगी। श्री दास सेवा सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक धीर सिंह नेगी ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी। केदारनाथ दास सेवा मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि सेवा मण्डल के सभी सदस्य दास के रूप में समाज सेवा करते आ रहे हैं। सेवा मण्डल द्वारा गरीब, असहाय बेटियों की डोली की विदाई के साथ ही पर्यावरण संरक्षण, गो सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से बिना सहकारी सहायता के सेवा की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हरेन्द्र बिष्ट और संचालन वीपी बमोला ने किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में लगी कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल एवं विद्यालय के संस्थापक स्व. हरिदत्त बेंजवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सेवा मण्डल के सचिव परविन्दर रावत, सदस्य लक्ष्मण नेगी, देवराघवेन्द्र चैधरी, डॉ आशुतोष जगवाण, महादेव मैठाणी, डॉ. रंगलाल यादव, केवि के प्राचार्य अनीष जोशी, बलिराम नौटियाल, आशुतोष नेगी, धनसिंह नेगी, विनीता रौतेला, दमयन्ती भट्ट, विद्यालय के शिक्षक बीएस पंवार, रवीन्द्र पंवार, जयदीप बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## बच्चों को शिक्षा में बेहतर सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी : नेगी

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लाक के अटल उत्कृष्ट जीआईसी सिलारी में रमसा के तहत बनी विज्ञान लेब, कम्प्यूटर कक्ष, आर्ट रूम, पुस्तकालय कक्ष और एसीआर कक्ष का प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने लोकार्पण किया।

इस मौके पर विधायक नेगी ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा में बेहतर सुविधाएं देना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। लोकार्पण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जीआईसी सिलारी के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम देकर अतिथियों को मुग्ध किया। विधायक नेगी ने कहा कि राज्य निर्माण की मूलभावना शिक्षा की मूलभूत आवश्यकता एवं गुणवत्ता भी रही है। जिसे देना सरकार की जिम्मेदारी है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मंडल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346–252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UR2001SGC025867

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक: 08.02.2023

अद्योहस्क्षरकर्ता द्वारा इस मण्डल के अन्तर्गत निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
ई–निविदा संख्या–27/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Ghurdauri Pumping Peyjal Scheme under EDD, Pauri in Deposit Head.
ई–निविदा संख्या–28/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Bhumiya Danda Gram Samuh Pumping Scheme under EDD, Pauri in Deposit Head.
ई–निविदा संख्या–29/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Jwalpa Naugaon Gram Samuh Pumping Scheme under EDD, Pauri in Deposit Head.
अन्य विवरण के लिये कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in देखें एवं ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए कृपया फोन नं0 01346–252137 पर सम्पर्क करें।
पत्रांक: 222/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें (टोल फ्री न0 :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन (गढ़वाल)**
E-Mail ID :- eepwdlansdowne@gmail.com, & eepwdlansdowne@rediffmail.com, Phone/Fax : (01386) 262260

पत्रांक सं0 417/21 एम0जी0 दिनांक- 08.02.2023

**निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0लो0नि0वि0 लैन्सडौन के द्वारा निम्नलिखित कार्यों की शील्ड निविदा दिनांक 24.02.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/- के जनरल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दि0 17.02.2023 से दि0 23.02.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

1 कार्यालय अधीक्षण अभियंता 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी।
2 कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 लैन्सडौन।
3 कार्यालय अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 दुगड्डा।
4 कार्यालय अधिशासी अभियंता अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (व्यापार कर अतिरिक्त) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विशेष मरम्मत/सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत गूम घंडालू मोटर मार्ग के किमी0 2 व 3 में क्रैश वैरियर का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 30,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 1 माह | 45 दिन | उत्तराखण्ड लो.नि.वि. में मार्ग श्रेणी में पंजीकृत डी एवं उच्चतर |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण/विशेष मरम्मत के अन्तर्गत घट्टूघाट-सिलोगी -गुमखाल-लैन्सडौन-रिखणीखाल-वीरोंखाल मोटर मार्ग के किमी0 136, 158 एवं 164 में क्षतिग्रस्त स्कपर एवं दीवारों का निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 21,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 3 | -----तदैव------ किमी0 116 से 136 में पैराफिट पर रंगाई पुताई का कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 4 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बड़खेत मल्ला स्थान कुण्जाखाल से धामधार -रथुवाढाव मोटर मार्ग के किमी0 1 से 4 में स्लिप सफाई का कार्य। | 9,000.00 | 500.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 5 | ---तदैव--- किमी0 1 से 4 में गेवियन्स लगाने का कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 6 | ---तदैव--- मोटर मार्ग में पहाड कटान से क्षतिग्रस्त पेयजल लाईन एवं सिंचाई नगर की मरम्मत एवं पुनः निर्माण का कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 7 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत लक्ष्मणझूला-दुगड्डा-रथुवाढाव -नैनीडांडा-धुमाकोट मोटर मार्ग के किमी0 189 से 198 में पैच मरम्मत का कार्य। | 60,000.00 | 2000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 8 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत लिस्टियाखेत-खत्यूडांडा मोटर मार्ग में पैंच मरम्मत का कार्य। | 70,000.00 | 2000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 9 | मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में मस्टखाल-पुलांसु-उतिण्डा मोटर मार्ग (वाडियू-काण्डई) के किमी0 17 से 22 तक सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के अन्तर्गत दीवार एवं कूलीवॉल व अन्य कार्य। | 60,000.00 | 2000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 10 | जिला योजना के अन्तर्गत पटोटिया से आसिनखाल तक मोटर मार्ग निर्माण किमी0 1 में पहाड़ कटान का कार्य। (चै0सं0 0.000 से 0.500) | 18,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 11 | जिला योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैन्सडौन के अन्तर्गत नैनीडांडा में पंजई-मोक्षण से बैडाहाट तक मोटर मार्ग निर्माण किमी0 2 में समरेखण परिवर्तन के फलस्वरूप अतिरिक्त पहाड कटान का कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 12 | जिला योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत कठवाणा-खन्सुली मोटर मार्ग पर स्कपर एवं सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |
| 13 | जिला योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जनशक्ति मार्ग सुन्द्रोली में सुधारीकरण का कार्य। | 15,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 3 माह | 45 दिन | ---तदैव---- |

निविदायें दिनांक 25.02.2023 को अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगीं, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी, किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।


# टीएचडीसी हाईड्रो ऊर्जा के क्षेत्र में कर रही बेहतर काम: ईडी जोशी

नई टिहरी : टीएचटीसी के टिहरी काम्पलेक्स के नव नियुक्त अधिशासी निदेशक (ईडी) एलपी जोशी ने कहा कि टीएचडीसी हाईड्रो ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। पीएम मोदी के नेतृतव में ऊर्जा उत्पादन के लिए ऐसी तकनीकी का प्रयोग पर जोर है। जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे।

टीएचडीसी गेस्ट हाउस में जोशी पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टिहरी डैम अपनी पूरी क्षमता से कोटेश्वर को मिलाकर 1400 मेगावाट का उत्पादन कर रहा है। एक हजार मेगावाट का पीएसपी का काम तेजी से चल रहा है। 2023 के अंत तक पीएसपी को शुरू करने पर जोर है। टिहरी बांध में बन रहा पीएसपी भारत का सबसे बड़ा पीएसपी है। जो 1 हजार मेगावाट का उत्पादन बतौर एक बड़ी उर्जा स्टोर बैटरी के रूप में करेगा। पीएसपी में बैरियेबल मोड में काम करने वाली टरबाइन मशीनें लगाई गई हैं। जो फ्रांस में अति आधुनिक तकनीकी से बनाई गई है। इस पर बांध के जलस्तर के वेरियेशन का प्रभाव नहीं पड़ेगा। कहा कि टीएचडीसी उतराखंड सरकार के साथ एक ज्वाईंट वेंचर कंपनी बनाकर काम करने की ओर कदम बढ़ा रही है। जिसके तहत प्रदेश में हाईड्रो पावन की संभावनाओं पर तेजी से काम करते हुए प्रदेश को ऊर्जा प्रदेश की ओर बढ़ाने काम तेजी से होगा। इसके लिए प्रदेश में हाईड्रो ऊर्जा के लिए नये स्थलों को चयनित कर इस ओर तेजी से काम किया जायेगा। टीएचडीसी राजस्थान, यूपी व तमिलनाडु में लगभग 2000 मेगावाट के सोलर पार्क बनाने को लेकर काम कर रहा है। इसके साथ टीएचडीसी प्रदेश के विभिन्न राज्यों के साथ उर्जा क्षेत्र में कदम बढ़ा रहा है। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक एचआर और प्रशासन एएन त्रिपाठी ने कहा कि टिहरी झील में नेशनल लेबल के स्पोर्ट खेल हाल ही करवाने का प्रयोग सफल रहा है। जल्दी ही टिहरी को वाटर स्पोर्टस में अंतराष्ट्रीय स्तर का डेस्टिनेशन बनाने की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर प्रबंधक मनबीर नेगी, उप प्रबंधक आरडी ममगाई, उप प्रबंधक दीपक उनियाल, विपिन सकलानी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## केदारनाथ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग जुटा तैयारियों में

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। इस बार पूर्व के अनुभवों से सीख लेते हुए स्वास्थ्य विभाग बड़ी लिंचौली में स्पेशलाइज स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने की तैयारी में जुटा है। बीते साल की यात्रा को देखते हुए बड़ी लिंचौली को यात्रा मार्ग का मध्य मानते हुए यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जुटाने की योजना बनाई गई है। अभी तक बड़ी लिंचौली में एक डाक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक वार्ड व्याय की तैनाती हुआ करती थी किंतु इस बार स्वास्थ्य विभाग इसमें बदलाव करने की योजना बना रहा है। यहां स्पेशल सर्विस उपलब्ध की जाएगी जिसके लिए दिन–रात यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने एक युवक को देर रात आनेकी हेत्तमपुर पुल से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक का आर्म्स एक्ट में चालान कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया है। मंगलवार रात पुलिस आनेकी–हेत्तमपुर पुल पर गश्त पर थी।

पुल पर उन्हें एक युवक दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

सिडकुल थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि आसिफ पुत्र सईद निवासी सलेमपुर दादूपुर कोतवाली रानीपुर को चाकू के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट से जेल भेज दिया है।

# प्रधान संगठन ने 24 सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायतीराज मंत्री को भेजा पत्र

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला प्रधान संगठन ने 24 सूत्रीय मांग पत्र पंचायतीराज मंत्री सतपाज महाराज को प्रेषित किया। मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की।

24 सूत्रीय मांगों में जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्राम प्रधान मनरेगा योजनाओं में 1 जनवरी, 2023 से एनएमएमएस सिस्टम से मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति लगाने के आदेश के खिलाफ धरना प्रदर्शन और तालाबंदी करते रहे हैं। परंतु आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया। जबकि पहाड़ों की अधिकांश ग्राम पंचायतों के कई कार्य स्थलों व तोकों में नेटवर्क इंटेंसिटी शून्य के बराबर है। जिस कारण ग्रामवासियों को मनरेगा में कार्य की मांग करने के बावजूद भी रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिस कारण ग्रामवासी ग्राम प्रधानों के प्रति रोष प्रकट कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पोर्टल 2017 से नए पात्र लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए बंद होने के कारण भी जनप्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है। पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधानों की मांग कर कहा कि इस पोर्टल को नए लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए शुरू किया जाय। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर होने के बावजूद भी 15वें वित्त की किस्त न आने से भी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में निराशा बनी हुई है। मनरेगा कार्यों में एक बार में 20 से अधिक कार्यों के मस्टरोल न निकलने की नई बाध्यता से मनरेगा में कार्य करना दुभर हो रहा है और गांवों में विकास का पहिया जाम होता जा रहा हैं। ऐसे में मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में दम तोड़ती नजर आ रही है। ज्ञापन भेजने वालों में टिहारी के प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, जिला महामंत्री दिनेश भजनियाल, संदीप रावत, धन सिंह सजवान, गब्बर सिंह नेगी, रंजीत भंडारी शामिल रहे। (एजेंसी)

## सम्पादकीय

# बात अडानी तक नहीं

रेटिंग एजेंसियों की प्रतिक्रिया आ रही प्रतिक्रियाओं को देखते हुए यह साफ है कि ये सवाल और गहराएंगे। बीते जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की तरफ अडानी ग्रुप के बारे में रिपोर्ट जारी करने से मची उथल-पुथल अब सिर्फ इसी उद्योग समूह का संकट नहीं रह गई है। बल्कि अब यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विदेशी मीडिया में आ रही प्रतिक्रियाओं पर गौर करें, तो यह साफ है कि वहां सवाल भारत की विनियामक व्यवस्था पर उठाए जा रहे हैं। रेटिंग एजेंसियों की प्रतिक्रिया आने के बाद ये सवाल और गहराएंगे। गौरतलब है कि जहां रेटिंग एजेंसी फिच ने अडानी ग्रुप के बारे में अपना आकलन बदलने की जरूरत अभी नहीं समझी है, वहीं एसएंडपी ने इस ग्रुप की कई कंपनियों की रेटिंग निगेटिव कर दी है, जबकि मूडीज ने कुछ गंभीर टिप्पणियां की हैं। दरअसल, इस प्रकरण में बने भरोसे के संकट के विदेशी निवेशकों खुल कर यह कह रहे हैं कि भारतीय कंपनियों में धन लगाना सुरक्षित नहीं है। अगर इस धारणा को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कुछ जरूरी और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो अडानी ग्रुप की कहानी उस नवोदित भारत की कहानी में एक बड़ा टेद बन जाएगी, जिसे दुनिया भर में प्रचारित करने की कोशिश की जाती रही है। चीन से पश्चिमी देशों के बढ़ते टकराव के बीच इस पश्चिमी कारोबारी कहानी को स्वीकार करने की सहज प्रवृत्ति दिखा रहे थे। वे इस बात को नजरअंदाज करने को तैयार थे कि यह इंडिया स्टोरी असल में भारत के सीमित तबकों की समृद्धि की कहानी है, जो दुर्दशा के समुद्र में महज एक द्वीप की तरह हैं। लेकिन धारणा यह बन रही है कि उस द्वीप की चमक भी वास्तविक नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी को अगर सचमुच भारत की चिंता है, तो उन्हें इस स्थिति की गंभीरता को समझना चाहिए। यह हैरतअंगेज है कि भाजपा और संघ परिवार के लोग सार्वजनिक चर्चाओं में अडानी ग्रुप के प्रवक्ता की तरह बोलते सुने जा रहे हैं। इससे इस समूह पर उठे सवालों की पारदर्शी जांच और उचित कार्रवाई होने की आशा लगातार कमजोर पड़ रही है।

# भारत की जी-20 अध्यक्षता: समावेशी विकास और सार्वभौमिक सह-अस्तित्व का संयोजन

**सरकार ने देश के हर गांव और हर जिले को शामिल करते हुए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से सौभाग्य योजना- सार्वभौमिक पहुंच के लिए योजना शुरू की। भारत ने के अंत तक रिकर्ड समय में सार्वभौमिक विद्युतीकरण हासिल किया, जिसके अंतर्गत कुल .मिलियन घरों का विद्युतीकरण किया गया। भारत में ऊर्जा दक्षता को उच्च प्राथमिकता दी गयी है। नीतिगत तौर पर, व्यक्तिगत और संस्थागत, दोनों ही स्तरों पर ऊर्जा के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गयी हैं। उजाला (सभी के लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) योजना, में शुरू की गयी, जिसका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब प्रदान करना था। इसका लक्ष्य मिलियन तापदीप्त बल्बों को एलईडी बल्बों से बदलना था, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा एलईडी वितरण कार्यक्रम बन गया। यह कार्यक्रम, प्रकाश व्यवस्था में ऊर्जा दक्षता को लक्षित करता है, क्योंकि यह ऊर्जा बचाने के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करता है। एक और बेहद सफल योजना है, उज्ज्वलाद्द जो परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाती है, उनके द्वारा किये जाने वाले कठिन श्रम को कम करती है, रसोई की समयावधि में कमी लाती है और समग्र रूप से उनके स्वास्थ्य में सुधार करती है।**

**आलोक कुमार**

भारत की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय भाव- वसुधैव कुटुम्बकम, यानी सभी जीवित प्राणियों- मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव और पृथ्वी पर इनके परस्पर संबंध के महत्व की पुष्टि करता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री के शब्दों में, भारत की जी- की अध्यक्षता इस सार्वभौमिक सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी और इसलिए एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य इसका आदर्श वाक्य है।




जी- के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व से जुड़े खतरे बढ़ रहे हैं और इनके स्थायी समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों का समाधान करना, भारत की जी- की अध्यक्षता की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत दुनिया के विकासशील देशों में जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को समर्थन देकर न्यायोचित तरीके से ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों को अपनाने पर जोर दिया गया है। दुनिया के लिए सार्थक और स्थायी समाधान प्राप्त करने के उद्देश्य से, वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं, आकांक्षाओं और मुद्दों को सामने रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें से कई देशों को महत्वपूर्ण मंचों पर अपनी बातें रखने का मौका नहीं मिलता है।

ऊर्जा क्षेत्र में आज दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं- पहुंच, सुरक्षा, उपयोग-सामर्थ्य से लेकर जलवायु परिवर्तन के वैश्विक मुद्दे तक। स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिए इन मुद्दों को समग्र रूप में देखना महत्वपूर्ण है।

भारत, अपनी ओर से, कम कार्बन वाली विकास रणनीति के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के ऊर्जा उत्पादन मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। आज, भारत पूरी दुनिया में नवीकरणीय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी स्थापित बिजली क्षमता का .प्रतिशत हिस्सा, गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है।

हम स्थापित क्षमता के मामले में चौथे सबसे बड़े देश हैं और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से भी एक हैं। भारत ने में नवीकरणीय क्षमता में वैश्विक स्तर पर सबसे तेज वृद्धि ( प्रतिशत) दर्ज की है, जिसके तहत केवल नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश में .बिलियन अमेरिकी डलर तक पहुंच गया। भारत के सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता भी के स्तर की तुलना से प्रतिशत कम हो गई है।

भारत जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों के स्थायी समाधान ढूंढने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। यह में ग्लासगो शिखर सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जहां तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक बिलियन टन तक कम करने की घोषणा की गयी थी। सीसीपीआई सूचकांक (जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक) में, भारत को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बड़े देशों में स्थान दिया गया है।

भारत, आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। अनुमान है कि तक हमारी ऊर्जा की मांग दोगुनी से अधिक हो जाएगी। इस अनुमानित वृद्धि के साथ स्थायी बिजली उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने की जिम्मेदारी भी आती है।

सरकार ने देश के हर गांव और हर जिले को शामिल करते हुए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से सौभाग्य योजना- सार्वभौमिक पहुंच के लिए योजना शुरू की। भारत ने के अंत तक रिकर्ड समय में सार्वभौमिक विद्युतीकरण हासिल किया, जिसके अंतर्गत कुल . मिलियन घरों का विद्युतीकरण किया गया।

भारत में ऊर्जा दक्षता को उच्च प्राथमिकता दी गयी है। नीतिगत तौर पर, व्यक्तिगत और संस्थागत, दोनों ही स्तरों पर ऊर्जा के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गयी हैं। उजाला (सभी के लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) योजना, में शुरू की गयी, जिसका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब प्रदान करना था। इसका लक्ष्य मिलियन तापदीप्त बल्बों को एलईडी बल्बों से बदलना था, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा एलईडी वितरण कार्यक्रम बन गया। यह कार्यक्रम, प्रकाश व्यवस्था में ऊर्जा दक्षता को लक्षित करता है, क्योंकि यह ऊर्जा बचाने के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करता है। एक और बेहद सफल योजना है, उज्ज्वलाद्द जो परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाती है, उनके द्वारा किये जाने वाले कठिन श्रम को कम करती है, रसोई की समयावधि में कमी लाती है और समग्र रूप से उनके स्वास्थ्य में सुधार करती है।

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत, हमने विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) को कम करने के उद्देश्य से पीएटी (कार्यक्रम निर्माण, प्राप्ति और व्यापार) योजना भी शुरू की, यानी, ऊर्जा गहन क्षेत्रों में नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के लिए उत्पादन की प्रति यूनिट ऊर्जा का उपयोग तथा एक सम्बन्धित बाजार व्यवस्था के साथ अतिरिक्त ऊर्जा बचत, जिसका व्यापार भी किया जा सकता है, के प्रमाणीकरण के जरिये लागत प्रभावशीलता को बढ़ाना। अतिरिक्त ऊर्जा बचत को व्यापार योग्य उपकरणों में परिवर्तित किया जाता है, जिन्हें ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (ई एस सी) कहा जाता है और इनका बिजली एक्सचेंजों में कारोबार किया जाता है।

हाल ही में, संसद ने ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, पारित किया है। विधेयक ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देता है और यह निर्धारित करता है कि नामित उपभोक्ता, अपनी ऊर्जा या फीडस्टक की जरूरतों के एक निश्चित अनुपात को गैर-जीवाश्म स्रोतों से पूरा करने के लिए बाध्य हो सकते हैं। इमारतों के लिए ऊर्जा संरक्षण संहिता, अब किलोवाट या उससे अधिक के भार वाले बड़े कार्यालयों और आवासीय भवनों पर लागू होगी। अधिनियम में अब कार्बन बाजार स्थापित करने के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। हमारे एनडीसी को पूरा करने के लिए देश में प्राथमिकता के आधार पर कार्बन क्रेडिट का उपयोग किया जाएगा।

भारत ने धीरे-धीरे आर्थिक विकास को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अलग कर लिया है। इन निरंतर पहलों का समर्थन करने के लिए, भारत ने हाल ही में राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका उद्देश्य भारत को दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रोजन हब के रूप में स्थापित करना है।

प्रौद्योगिकी की प्रगति और जलवायु परिवर्तन के उपायों को मिल रहा समर्थन दुनिया के ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन को गति दे रहा है। भारत ने में पेरिस में आयोजित सीओपी- में बिजली उत्पादन का त्न हिस्सा, गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने का वादा किया था। हमने इस लक्ष्य को की समय सीमा से काफी पहले में ही हासिल कर लिया है।

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में भारत ने लगातार नेतृत्व की भूमिका निभायी है। देश का विजन है- तक नेट जीरो उत्सर्जन स्तर हासिल करना। अल्पावधि के लिए, देश ने तक गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता को जीडब्लू तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जी- की अध्यक्षता में, भारत ने उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है जिनमें स्थायी जीवनशैली के लिए एक नया दृष्टिकोण लाने की क्षमता है। हम प्रौद्योगिकी के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण और षि से लेकर शिक्षा तक में- डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, वित्तीय समावेशन और प्रौद्योगिकी-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए अधिक से अधिक ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने के प्रति अपने विश्वास को प्रदर्शित करने के लिए तत्पर हैं। हम समावेशी विकास को रेखांकित करने के लिए जी- मंच का उपयोग करना चाहते हैं।

लेखक सचिव, विद्युत हैं

# हेयर स्मूदनिंग करवाने की सोच रही हैं? जानिए इससे होने वाले नुकसान



हेयर स्मूदनिंग बालों को सीधा करने वाला ट्रीटमेंट है। इसमें सबसे पहले फर्मलडिहाइड का घोल लगाकर बालों को सुखाया जाता है और फिर बालों को एक सीधी स्थिति में लक करने के लिए एक फ्लैट आयरन का इस्तेमाल किया जाता है। हेयर स्मूथिंग ट्रीटमेंट को केराटिन स्मूथिंग या ब्राजीलियाई ब्लोआउट्स के रूप में भी जाना जाता है। इस ट्रीटमेंट से तीन से छह महीने तक बाल सीधे रहते हैं, लेकिन इसके कई नुकसान भी हैं। आइए इसके नुकसान जानें।

**बालों का झड़ना**

बालों का झड़ना हेयर स्मूदनिंग का सबसे आम दुष्प्रभाव है। दरअसल, इस ट्रीटमेंट के दौरान हानिकारक रसायन युक्त उत्पादों का इस्तेमाल होता है, जिससे बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं और जड़ों से अलग हो लगते हैं। इस कारण बाल झड़ने लगते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हेयर स्मूदनिंग की प्रक्रिया के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन युक्त उत्पाद और इनकी गर्मी बालों को कमजोर कर देती है और बालों का झड़ना तेज होने लगता है।

**चक्कर, आंखों में जलन और त्वचा पर चकत्ते निकलना**

हेयर स्मूदनिंग में इस्तेमाल होने वाले रसायनों की महक मतली और चक्कर आने का कारण बन सकती है। इसके अतिरिक्त, इससे आंखों के पास जलन और खुजली भी महसूस हो सकती है। इस ट्रीटमेंट के रसायनों के कारण त्वचा पर चक्कते निकलने की संभावना भी बढ़ सकती है। इस ट्रीटमेंट में फर्मलडिहाइड नामक एक यौगिक का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो त्वचा पर खुजली और लालिमा उत्पन्न कर सकता है।

**बालों की बनावट हो सकती है खराब**

स्मूदनिंग ट्रीटमेंट में बालों के स्ट्रेंड्स में अमीनो एसिड और डाइसल्फाइड बन्ड टूट जाते हैं और बाल एकदम सीधे हो जाते हैं, लेकिन इससे बालों की प्रातिक बनावट प्रभावित हो सकती है। इससे बालों में रूखापन आ सकता है। इसका कारण स्कैल्प में रसायनों का रिसना है। इससे सतह परतदार हो जाती है। इस रूखेपन से बचने के लिए बालों पर बार-बार तेल लगाना आवश्यक है।

**दोमुंहे बाल होना**

हेयर स्मूदनिंग में इस्तेमाल किए जाने वाले रसायनों से बालों की नमी पर बुरा असर पड़ता है। इसमें बालों प्रातिक नमी कम होती है, जिसके कारण दोमुंहे बाल होने का खतरा बढ़ जाता है। दोमुंहे बाल न सिर्फ बालों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि ये स्कैल्प के रोमछिद्रों को भी कमजोर करते हैं। हालांकि, कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप इस समस्या से टुटकारा पा सकते हैं।

**डैंड्रफ की समस्या होना**

डैंड्रफ बालों की सबसे खराब समस्याओं में से एक है, क्योंकि इसके कारण खुजली, बालों का झड़ना और चिकनापन जैसी समस्या भी होने लगती है। यह समस्या हेयर स्मूदनिंग के कारण भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, इस ट्रीटमेंट के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला हेयर लोशन और सीरम चिकनाई का कारण बनते हैं। बात दें कि बालों को नुकसान से बचाने के लिए अक्सर सीरम और क्रीम की सलाह दी जाती है, लेकिन उनका अधिक इस्तेमाल अच्छा नहीं है।

# महात्मा फुले :युयुत्सु महानायक

**डा सुधीर सक्सेना**

यूं तो वह उपेक्षित-तिरस्त और अंत्यज समाज में जनमे थे, अलबत्ता उन्होंने अपने क्रांतिकारी आचार-विचार से च्महात्माज् की उपाधि पाई। सड़ी-गली मान्यताओं, अंधविश्वासों और लांछनों को नतशिर होकर स्वीकार करने के विपरीत वह असमानता, शोषण और प्रताडना के खिलाफ जूझते रहे। उन्होंने अपने जीवन को अकारण नहीं जाने दिया। उन्होंने सुधार और परिवर्तन की साहसिक शुरूआत अपने घर से की और पत्नी को लिखना-पढना सिखाया। उन्होंने पहली कन्या पाठशाला खोली। अस्पृश्यता के विरुद्ध मुहिम टेड़ी और पुरोहितों तथा पाखंडियों से लोहा लिया। उन्होंने शब्दों को हथियार बनाया और विद्रोह का शंखनाद किया।

अंत्यजों को पहलेपहल दलित की संज्ञा देने और शूद्रों के उत्थान के लिए प्राणपण से संघर्षशील इस योद्धा का नाम था ज्योतिराव गोविंदराव फुले यानी ज्योतिबा फुले। उनका जन्म अप्रैल, सन् को बाम्बे प्रेसीडेंसी में पेशवाओं की नगरी पुणे में हुआ था। शूद्रों में परिगणित माली समाज में जन्म लेने के कारण वह शूद्रों की पीड़ा और मनोभावों से बखूबी परिचित थे। माली समुदाय परंपरागत तौर पर फूलों और तरकारियों को उगाने के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। ज्योतिबा के पुरखों के पुणे आने का वृत्तांत बड़ा रोचक है। उनके पूर्वज सातारा के समीप काटगन गांव में रहते थे। उनका कुलनाम था गोढ़े। ज्योतिबा के प्रपितामह जो गांव में छोटे दर्जे के ओहदेदार (चौघुला) थे, आजीविका के फेर में पुणे में खानवाड़ी चले आये थे। वहां उन्होंने फूलों के एख व्यवसायी की शरण ली, जिसने उन्हें कारोबार के गुर सिखाये। नये व्यवसाय ने परिवार को नया कुल नाम दिया फुले। देखते-देखते फुले-परिवार फूलों से मालाएं, गजरे, चटाइयां, आभूषण और सजावटी कलातियां बनाने में इतना दक्ष हो गया कि उसकी ख्याति पेशवा तक पहुंची। फूलों के हुनर ने पेशवा का दिल जीत लिया। शाही प्रसंगों और रीति रिवाज में फुले परिवार की पूथ-परख होने लगी। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने बतौर ईनाम फुले परिवार को एकड़ जमीन बिना कर के अता की। बड़े भाई ने संपत्ति की देखभाल की जिम्मेदारी संभाली और फूलों की खेती और व्यवसाय का दायित्व छोटे भाई गोविंदराव के कांधे पड़ा। इन्हीं गोविंदराव ने चिमनाबाई से शादी की। चिमनाबाई ने दो संतानों को जन्म दिया। इनमें छोटे थे ज्योति, जिन्होंने वीं शती के उत्तरार्द्ध में अपने साहसिक नवाचार से बड़ा नाम कमाया।

माली-परिवार ने बतौर फुले परिवार पुणे में धन और प्रतिष्ठा तो अर्जित की, किन्तु शिक्षा से अब तक उसका वास्ता न था। बालक ज्योति भी दाखिले के बावजूद ज्यादा दिन स्कूल नहीं जा सके। उन्हें खेत और दुकान से जुडना पड़ा। दैवयोग से एक माली सज्जन ने गोविंदराव से गुजारिश की कि ज्योति को पढने से न रोकें। फलतरू वह पुनरू स्कूल में प्रविष्ट हुए और उन्होंने सन् में स्थानीय स्काटिश मिशन हाईस्कूल से अंग्रेजी की शिक्षा पूरी की। गौर करें कि ज्योति की उम्र तब साल हो चुकी थी। जैसा कि तब रिवाज था, तेरह साल की उम्र में उनकी शादी सावित्री नामक सजातीय कन्या से कर दी गयी, जिससे उन्हें एख संतान की प्राप्ति हुई।

ज्योतिबा के जीवन में निर्णायक मोड़ सन् में तब आया, जब वह अपने एक ब्राह्मण मित्र के विवाह में शरीक हुए। ब्राह्मण मित्र के पिता ने ज्योतिबा को उसकी जाति की याद दिलाते हुए सरेआम बुरी तरह फटकारा। इस घटना ने उन्हें घृणित जातिप्रथा के दंश का एहसास तो कराया ही, उनके जीवन की दिशा याकि कहें उनके क्रांतिकारी मिशन का स्वरूप तय कर दिया। लाख बाधाएं आईं, लेकिन वह अपने पथ से विचलित न हुए और अंततोगत्वा समाज-सुधार के नभोमंडल में ध्रुवतारे-सा प्रतिष्ठित हो गये।

सन् का ही वाकया है। इसी साल ज्योतिबा को अहमदनगर में एक कन्याशाला में जाने का मौका मिला। यह पाठशआला ईसाई मिशनरियों से परिचलित थी। घटनाएं अफना प्रभाव छोड़ रही थीं। इसी साल ज्योतिबा के हाथ एक किताब लगी। च्राइट्स अफ मैनज्। लेखक थमस पेन। थमस पेन अमेरिकी युद्ध में कांग्रेस के विदेशी मामलों का सचिव था। सन् में प्रकाशित इस किताब ने ज्योतिबा पर अमिट प्रभाव छोड़ा और उनके मन में सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष की लौ जला दी।

नवाचार की आधारशिला रंग लाई। ज्योतिबा तालीम की अहमियत जान गये थे। जान गये थे कि अज्ञान ही दासता है। सबसे पहले उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी सावित्री को लिखना-पढना सिखाया। फुले युगल ने सन् में ही पुणे में कन्याओं के लिए पहली स्वदेशी पाठशाला खोल दी। ज्योतिबा ने अपनी मौसेरी बहन सगुनाबाई क्षीरसागर को भी मराठी लिखना सिखा दिया। पुणे के उच्च जातियों ने इसे पसंद नहीं किया और अड़चने डालीं, लेकिन प्रगतिशील भारतीयों और योरोपियों ने फुले-दंपत्ति का साथ दियाद्धहालात ऐसे बने कि फुले परिवार ने सावित्री - ज्योतिबा को घर से निष्कासित कर दिया। ऐसे में उनके मित्र उस्मान शेख ने उन्हें शरण दी और उन्हीं के अहाते में फुले का स्कूल भी खुला। उस्मान और उसकी बहन फातिमा शेख का साथ और योगदान रंग लाया। फुले दंपत्ति ने महार बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल खोला। सन् तक पुणे में फुले-दंपत्ति के तीन स्कूल खुल चूके थे और वहां लड़कियां तालीम पा रही थी। दुर्योग से सन् आते न आते सभी शालाएं बंद हो गयीं। इसका बड़ा कारण एक तो यह था कि सन् की क्रांति के फलस्वरूप योरोपियों से वित्तीय सहायता बंद हो गई थी। सरकारी इमदाद भी रूक गयी थी और तीसरा कारण कि पाठ्यक्रम पर मतभेदों के चलते ज्योतिबा ने स्कूलों के प्रबंधन से राजीनामा (इस्तीफा) दे दिया था। यह वह काल था, जब अंचल अपनाना सहने को बाध्य थे। उन्हें कमर से झाड़ू बांधकर चलना पड़ता था। उनकी बेटियां-बहनें जलसों में निर्वस्त्र नाचने को बाध्य थीं। विधवाओं को सिर मुड़ाकर रहना पड़ता था और उन्हें मांगलिक कार्यों से दूर रहना पड़ता था। बाल विवाह जोरों पर था। पुणे में विश्रामबाग वाड़ा में कन्या शाला खोलने के उपरांत ज्योतिबा ने अनेक कदम उठाये। उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह की हिमायत की। सन् में उन्होंने विधवा महिलाओं की प्रसूति के लिए केन्द्र खोला। नवजात-मृत्यु की रोकथाम के लिए उन्होंने अनाथालय की स्थापना की। इसके पीटे काशीबाई नामक विधवा ब्राह्मणी की अपने संतान की हत्या और उसे दंडिघ्त किए जाने के मार्मिक प्रसंग का हाथ था। ज्योतिबा ने अपने घनिष्ट मित्र सदाशिव गोवंडे और पत्नी सावित्री के सहयोग से प्रसुति केन्द्र खोलकर साहसिक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी ओर से पुणे में दीवारों पर पर्चे चिपकाये गये, जिसमें लोगों से हृदयस्पर्शी अपील थी। यह केन्द्र नवें दशक के मध्य तक जीवित रहा। शोषित, वंचित जनों के लिए उन्होंने अपने घर के द्वार खोल दिये। अस्पृश्य जन वहां आकर उनके कुयें से निस्संकोच पानी पानी भर सकते थे।

ज्योतिबा वर्ण-व्यवस्था या जातिप्रथा के घोर विरोधी थे। उनकी मान्यता थी कि बाहर से आये आक्रामक आर्यों ने स्थानीय समुदाय पर पाबंदियां और वर्जनाएं लाद दीं। अपनी बहुचर्चित ति च्गुलामगिरीज् में उन्होंने ईसाई मिशनरियों और ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के प्रति इस नाते तज्ञता ज्ञापित की कि उनके कारण शेषित जातियों को एहसास हुआ कि वे भी मानवीय अधिकारों की पात्रता रखते हैं। उनके मुताबिक विष्णु के अवतार आर्यों की विजय गाथा के प्रतीक है।

# ऑफिस के काम और पेरेंट्स की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन के लिए अपनाएं ये टिप्स

कामकाजी लोगों को घर से काम करना पसंद होता है, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं है। आप भले ही शारीरिक रूप से घर पर मौजूद हैं, लेकिन आप अफिस के काम की जिम्मेदारियों से बंधे हुए होते हैं। ऐसे में काम और पेरेंट्स होने की जिम्मेदारियां के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल होता है। आइए आज दोनों जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने के पांच टिप्स जानते हैं।

दिन के किस समय पर आपकी प्रोडक्टिविटी ज्यादा है, इस बात पर ध्यान दें और फिर उसी हिसाब से कामों को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही अपनी नियमित गतिविधियों को करने के लिए पहले से समय तय करें और ज्यादा काम होने पर शांत माहौल बनाने के लिए अपने बच्चों को पहले से ही तैयार करते रहें। उदाहरण के लिए आप अपने दरवाजे पर डू नट डिस्टर्ब साइन लगा सकते हैं, ताकि बच्चों को इसकी आदत हो जाए।

माता-पिता दोनों को बच्चे की देखभाल और जिम्मेदारियों को शेयर करने पर ध्यान देना चाहिए। इस वजह से काम को बांटने के लिए अपने पार्टनर के साथ अफिस के काम के एजेंडे पर बातचीत करें। याद रखें कि आपको काम इस तरह से शेयर करना है कि आप अपनी प्रोफेशनल लाइफ को प्रभावित किए बिना पेरेंट्स की जिम्मेदारियों को अच्टे से निभा पाएं। इसके साथ ही पेरेंट्स को परिस्थितियों को समझते हुए एक दूसरे की मदद करनी चाहिए।

कुछ परिस्थितियां ऐसी हो सकती हैं, जहां पर आपको अपने प्रोफेशनल की जगह पेरेंट्स की जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देने की जरूरत हो सकती है। ऐसी स्थितियों में आपको जबरदस्ती सब कुछ ठीक होने का दिखावा करने की कोई जरूरत नहीं है। इस तरह की स्थिति में आप अपने सहकर्मियों के साथ खुलकर बात करें और उन्हें कुछ भी बताने से बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। हालांकि, आपको यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में आप काम की भरपाई कर देंगे।

शुरू में भले ही आपको यह काम थोड़ा चुनौतीपूर्ण लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे यह आसान हो जाएगा। एक पेरेंट्स होने के नाते अपने बच्चों को खुद निर्णय लेना सिखाएं ताकि वह हर समय आपको तंग न करें और किसी भी चीज पर आपकी राय का इंतजार न करे। इस वजह से स्वतंत्र रूप से बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहित करें और कुछ काम उन्हें ही करने दें। उदाहरण के लिए अपने बच्चे को उनके कपड़े खुद धोना सिखाएं।

आपके बच्चे किताब पढने या टीवी देखने जैसी गतिविधियों में हमेशा व्यस्त नहीं रहेंगे, इसलिए उन्हें स्वतंत्र गतिविधियां सिखाकर खेल में व्यस्त रखें। पेरेंट्स के रूप में आप उन्हें पजल को हल करने या अपनी खुद की कुछ ड्रइंग बनाने जैसी गतिविधियों को करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसमें आपकी सक्रिय भागीदारी की जरूरत नहीं होगी। इससे आपको अपने अफिस के काम पर ध्यान देने के लिए थोड़ा ज्यादा समय मिलेगा।

## तुर्की : मलबे में दबी मासूम बच्ची ने इस तरह बचाई भाई की जान

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूंकप के बाद बचाव कार्य जारी है। अब तक दोनों देशों में आए भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,926 पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौत का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर भी कई दिल दहलाने वाली तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक और चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आपका भी दिल दहल जाएगा।

वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं किसी तरह दो बच्चे मलबे के नीचे दबे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बहन हैं। बहन ने बड़ी मासूमियत से हाथ से भाई का सिर ढक रखा है। वहीं, लोगों से मदद करने की गुहार लगा रही है। बच्ची अपनी भाषा में कह रही है कि हमें किसी तरह बाहर निकालो। कुछ समय बाद रेस्क्यू टीम ने दोनों भाई-बहन को बाहर निकाला और उन्हें हस्पिटल में भर्ती कराया। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बच्चे सुरक्षित हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफर्म पर वायरल हो रहा है और लोग जमकर इस वीडियो को शेयर कर रहे हैं।

## चिली ने 26 समुदायों को जंगल की आग के जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में किया घोषित

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली ने देश के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में 26 समुदायों को जंगल की आग के जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में घोषित किया है क्योंकि जंगल की आग लगातार बढ़ती जा रही है, जिसमें अब तक 26 लोगों की जान चली गई है और 2,86,198 हेक्टेयर जंगल जल गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय वानिकी निगम (कोनाफ) की ओर से दी गई है। कोनाफ के कार्यकारी निदेशक क्रिश्चियन लिटिल ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ी आग लगने की संभावना को देखते हुए कम्युनिस या समुदायों को रेड अलर्ट पर रखा गया है।उन्होंने कहा, हम तापमान, सापेक्षिक आर्द्रता और हवा की गति की स्थिति का विश्लेषण करते हैं। लिटिल ने कहा, चिंगारी और आग फैलने की संभावना को देखते हुए हमने इलाके में अलर्ट जारी किया है।

## यूक्रेन के तीन क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी : ऑनलाइन मैप

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन के पोल्टावा, निप्रपेट्रोस और खार्किव क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गयी है। यूक्रेन के डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन मंत्रालय के अनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मैप में यह जानकारी दी गयी।

इधर यूक्रेनी पत्रिका स्टाराना यूए ने खार्किव शहर में कम से कम छह धमकों की सूचना दी है। रूस के क्रीमियन ब्रिज पर यूक्रेन के आतंकवादी हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर, 2022 को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू किया। हमलों ने पूरे यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमांड और संचार सुविधाओं को निशाना बनाया है।

## बस-कार की भीषण टक्कर, दोनों वाहन खाई में गिरे, 30 लोगों की दर्दनाक मौत

**पेशावर, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के पेशावर में मंगलवार को कार से टक्कर के बाद एक बस गहरी खाई में गिर गयी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं। दुर्घटना गिलगित बाल्टिस्तान इलाके के दिआमीर क्षेत्र में शतियाल चौक के पास हुई।

# समलैंगिक जोड़े के घर गूंजी किलकारी

## बच्चे को दिया जन्म, देश में पहली बार हुआ ऐसा



**कोझिकोड, एजेंसी।** केरल के कोझिकोड में एक ट्रांसजेंडर दंपति ने हाल ही में गर्भवती होने की घोषणा की थी। अब उनके यहां एक बच्चे ने जन्म दिया है। जानकारी के अनुसार, जाहद नाम के ट्रांसजेंडर ने बुधवार को एक सरकारी अस्पताल में एक बच्चे का जन्म दिया है। देश में इस तरह का यह पहला मामला बताया जा रहा है।

ट्रांस पार्टनर्स में से एक जिया पावल ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि बच्चे का जन्म सरकारी मेडिकल कलेज अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन के जरिए सुबह करीब साढ़े नौ बजे बच्चे का जन्म हुआ। पावल ने कहा कि बच्ची और बच्चे को जन्म देने वाले उसके साथी जाहद दोनों की सेहत ठीक है। हालांकि, जिया पावल ने नवजात शिशु का लिंग बताने से इनकार कर दिया है और कहा कि वे इसे अभी सार्वजनिक नहीं करना चाहते हैं। जिया पावल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर घोषणा की थी कि जाहद आठ महीने की गर्भवती हैं। पावल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था कि हम अपने मां बनने के सपने और उसके पिता बनने के सपने को साकार करने वाले हैं। आठ महीने का बच्चा अभी जाहद के पेट में पल रहा है, हमें जो पता चला है यह भारत में पहला गर्भवती ट्रांसमैन है। बता दें कि पावल और जाहद पिछले तीन सालों एक साथ हैं।

## कर्नाटक : ब्रेक की जगह दबाया एक्सेलरेटर, शख्स की मौत, महिला हुई गिरफ्तार

**बेंगलुरू , एजेंसी ।** कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु में एक बाइक सवार को अपनी कार से कुचलने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जांच के दौरान आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया था, जिससे उसकी जान चली गयी।

कार चालक की पहचान बेंगलुरु की महिला शुभा के रूप में हुई है। पीन्या ट्रैफिक पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना का खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।घटना मंगलवार को व्यस्त हेसरघट्टा मेन रोड पर बगलागुंटे जंक्शन के पास हुई। मृतक की पहचान संजय बाबू के रूप में हुई है।

## अमेरिका का बड़ा दावा, चीन के गुब्बारे ने भारत समेत कई देशों की जासूसी की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का मानना है कि संदिग्ध चीनी निगरानी गुब्बारा, जिसे उसने 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर मार गिराया था, बीजिंग द्वारा भारत सहित अन्य देशों में सैन्य ठिकानों की जासूसी करने के प्रयास का एक हिस्सा था। इस बीच, एक भारतीय अधिकारी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन द्वारा आयोजित एक ब्रीफिंग में हिस्सा लिया जिसमें 40 दूतावासों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि निगरानी बलून ने जापान, भारत सहित चीन के लिए उभरते सामरिक हित के देशों और क्षेत्रों में सैन्य संपत्ति पर जानकारी एकत्र की है, जिसमें वियतनाम, ताइवान और फिलीपींस भी शामिल है। यह कई वर्षों से आंशिक रूप से चीन के दक्षिण तट से दूर हैनान प्रांत से संचालित हो रहा था।भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी का हालांकि कोई अन्य विवरण उपलब्ध नहीं है। एक अधिकारी ने वाशिंगटन पोस्ट को बताया, चीनियों ने जो किया है वह एक अविश्वसनीय रूप से पुरानी तकनीक है, और इसे आधुनिक संचार और अवलोकन क्षमताओं के साथ जोड़ा गया है। संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा को अमेरिका ने 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर एफ-22 फाइटर जेट से मार गिराया था।अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने पहली बार घोषणा की कि उन्होंने 2 फरवरी को हवा में एक अजीब वस्तु देखी है और इसे नीचे गिराने से पहले पानी के ऊपर पहुंचने तक इंतजार किया।

## दरगाह कमेटी का कार्यकाल चार जून को होगा पूरा

**अजमेर ,एजेंसी ।** राजस्थान में अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह का प्रबंधन संभालने वाली दरगाह कमेटी का कार्यकाल आगामी चार जून को समाप्त होने जा रहा है। पुष्ट जानकारी के मुताबिक वर्तमान कमेटी सन 2018 पांच वर्षीय कार्यकाल के साथ अस्तित्व में आई थी और सदर के रूप में सैयद हुसैन रिजवी को मुकर्रर किया गया था। हाल ही निपटे गरीब नवाज के 811वें सालाना उर्स के दौरान दरगाह कमेटी के अंतिम कार्यकाल पर चर्चा चल पड़ी तब खुलासा हुआ कि चार जून 2023 को पूरी कमेटी का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इस लिहाज से केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को कमेटी का पुनर्गठन करना होगा और तब ही दरगाह कमेटी नये स्वरुप में सामने दिखाई देगी।

### चीन को अमेरिका की बड़ी चेतावनी

## अगर खतरा पैदा हुआ तो करेंगे कार्रवाई: बाइडेन

**वशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसकी संप्रभुता को खतरा हुआ तो अमेरिका एक्शन लेगा। वो पिछले हफ्ते अमेरिकी हवाई क्षेत्र में एक चीनी जासूसी बैलून के प्रवेश करने की घटना के बारे में बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अपने दूसरे स्टेट अफ द यूनियन संबोधन में बाइडेन ने बारीकियों में गए बिना कहा कि वो चीन के साथ संबंध को संघर्ष के बजाय एक प्रतियोगिता के रूप में देखते हैं।

उन्होंने बीती रात अपने संबोधन में कहा, जैसा कि हमने पिछले सप्ताह स्पष्ट किया था, अगर चीन हमारी संप्रभुता को खतरा पैदा करता है, तो हम अपने देश की रक्षा के लिए कार्रवाई करेंगे और हमने किया। संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर एक अमेरिकी एफ-22 फाइटर जेट ने मार गिराया।

अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने 2 फरवरी को कहा था कि वे हवा में एक अजीब वस्तु देख रहे हैं और इसे नीचे गिराने से पहले पानी के ऊपर पहुंचने तक इंतजार किया। अधिकारियों ने इसे अमेरिकी संप्रभुता और आंतरिक कानूनों का उल्लंघन बताया। गुब्बारे को मार गिराए जाने के एक दिन बाद दक्षिण कैरोलाइना में मर्टल बीच के तट पर इसके मलबे को निकाला गया।

घटना के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने बीजिंग की यात्रा रद्द कर दी, जिसमें राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक भी शामिल थी। चीन ने हालांकि पूरी घटना पर खेद जताया था और कहा था ये बैलून भटक गया था। अपने मंगलवार रात के संबोधन में, बाइडेन ने यूक्रेन पर भी बात की।

## तुर्की, सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या पहुंची 7,800 के पार

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 5,894 और सीरिया में 1,932 हो गई, जबकि सीरिया पर अमेरिकी प्रतिबंध हटाने की मांग तेज हो गई है। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहरेट्टिन कोका और अलेप्पो गवर्नरेट मुख्यालय में मीडिया कार्यालय के अनुसार, तुर्की और सीरिया में घायलों की संख्या क्रमशरू 31,777 और 1,449 हो गई है।

दोनों देशों में मरने वालों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान में बाधा आ रही है। स्थानीय समयानुसार सुबह 4.17 बजे तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहमनमारस में 7.7 तीव्रता से भूकंप आया, इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और कहारनमारस में स्थानीय समयनुसार दोपहर 1: 24 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया।

# लोकसभा चुनाव में मैदान फतह करने के लिए बिहार भाजपा सजा रही सोशल मीडिया आर्मी

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में अभी करीब एक साल की देरी है, लेकिन इस चुनाव को लेकर बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इस चुनाव में भाजपा सोशल मीडिया और आईटी को एक बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल करने जा रही है। यही कारण माना जा रहा है कि भाजपा अभी से ही सोशल मीडिया और आईटी टीम को सक्रिय करने में जुट गई है।

बिहार भाजपा केंद्र स्तर की टीम की प्रत्येक गतिविधि को बूथ स्तर तक की टीम को जोडने में जुटी है। भाजपा का मानना है कि चुनाव में संचार तंत्र की मुख्य भूमिका है।

सूचनाओं का प्रवाह ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर, यानी केंद्र, प्रदेश के काम और निर्देश बूथ तक और बूथ पर हो रही गतिविधियों की जानकारी प्रदेश और केंद्र तक निर्बाध और तेज गति से चलती रहे, इसे सुनिश्चित करना होगा।

इसके अलावा सोशल मीडिया पर चल रहे विपक्षी दलों द्वारा कथित कुप्रचार का न केवल जवाब देना बल्कि भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना भी सोशल मीडिया टीम की जिम्मेदारी है।

भाजपा इसबार जदयू से अलग होकर लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने जा रही है। बिहार की 40 सीटों में से 38 सीटों को जीतने की योजना भाजपा ने तैयार किया है।

बिहार प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया के सह संयोजक शुभम राज सिंह ने आईएएनएस को बताया कि सरल ऐप के माध्यम से बूथ स्तर तक की जानकारी भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं को मिल रही है।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर सक्रिय करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी जिलों में प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कर लिया गया है जबकि मंडल स्तर पर 15 फरवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न करने की योजना है।

उन्होंने बताया कि इसके बाद सोशल मीडिया टीम की क्षेत्रीय स्तर पर पार्टी के महामंत्री बैठक कर विपक्ष के नैरेटिव को ध्वस्त करने की कला भी बताएंगे। इधर, सूत्र बताते हैं कि बिहार भाजपा सोशल मीडिया के सक्रिय 10 हजार से अधिक सोशल मीडिया वैरियर्स की एक टीम तैयार की है जो आने वाले चुनाव में मुख्य भूमिका में होगी।

बिहार सोशल मीडिया के प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि आगामी चुनावों में सोशल मीडिया की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वट्सऐप ग्रुप के माध्यम से भी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि आगामी चुनावों में पारंपरिक प्रचार के अलावा लोगों तक पहुंचने के लिए डिजिटल व्यवस्था चुस्त रखनी होगी। यही कारण है कि भाजपा बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर बढ़ा रही है। भाजपा शुरू से ही चुनाव प्रचार में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी रही है। पिछले दिनों बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने भी सोशल मीडिया और आईटी टीम की बैठक की थी और सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की थी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा बिहार सरकार की विफलताओं से संबंधित पोस्ट, अपराध, बेरोजगारी महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों के आंकड़े को लेकर सवाल उठाने वाले पोस्ट, केंद्र की योजनाओं से लोगों को मिल रहे लाभ से संबंधित पोस्ट और केंद्र की योजनाओं को लागू करने में राज्य सरकार की नाकामियों से जुड़े हुए पोस्ट किए जाते हैं।

# छावला दुष्कर्म-हत्याकांड : सुप्रीम कोर्ट फिर से विचार करने को तैयार, तीन न्यायाधीशों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2012 के छावला सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में मौत की सजा पाने वाले तीन दोषियों को बरी करने के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए तीन सदस्यीय पीठ गठित करने पर बुधवार को सहमति जताई। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में तीन दोषियों को बरी करने के अदालत के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी।

सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया।

मेहता ने कहा कि एक 18 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया गया और क्रूरता से उसकी हत्या कर दी गई और अब, मामले के एक आरोपी ने एक अटो चालक का गला काट दिया है। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से ओपन कोर्ट में सुनवाई के लिए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ गठित करने का अनुरोध किया।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह मामले की जांच के लिए खुद और जस्टिस रवींद्र भट और बेला त्रिवेदी की एक बेंच का गठन करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह ओपन कोर्ट में सुनवाई के अनुरोध पर भी विचार करेगी।

दलील में कहा गया हैरू अदालत के सामने यह लाना महत्वपूर्ण है कि एक आरोपी विनोद ने अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में बरी होने के बाद लूटपाट का विरोध करने पर एक निर्दोष अटो चालक की हत्या कर दी। विनोद को अटो चालक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

समीक्षा आवेदन में आगे कहा गया है कि बरी होने के बाद उसके ऊपर हत्या का मामला इस ओर संकेत करता है कि वह आदतन अपराधी है, जिसपर दयाभाव करना व्यर्थ है। आवेदन में मामले में रिकर्ड पर अतिरिक्त दस्तावेज रखने की भी मांग की गई है। बता दें, पिछले साल नवंबर में, शीर्ष अदालत ने छावला बलात्कार और हत्या मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल (एल-जी) वीके. सक्सेना ने इस फैसले के खिलाफ एक समीक्षा याचिका दायर करने की मंजूरी दी थी और पिछले साल दिसंबर में शीर्ष अदालत ने फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था।

## पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती को पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पीडीपी चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को हिरासत में लिया है। पीडीपी नेता मुफ्ती जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहीं थीं, जिसके बाद उनको पुलिस ने प्रदर्शनस्थल से हिरासत में लिया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ केंद्र शासित प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने गरीबों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। बड़े स्तर पर अतिक्रमण के विरोध में बुलडोजर एक्शन के चलते विरोध प्रदर्शन शुरू हो चुका है।

## भूटान के संसदीय शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से भेंट की

**नई दिल्ली एजेंसी, ।** भूटान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वांगचुक नामग्याल के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की।

राष्ट्रपति ने शिष्टमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम भारत और भूटान के बीच बहुमुखी और अद्वितीय मित्रता को काफी महत्व देते हैं। भारत की सरकार भूटान के लोगों की आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान की शाही सरकार की सहायता करने के लिए भारत, भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोल रहा है। इनमें अंतरिक्ष सहयोग, स्मार्ट षि, युवा एवं खेल, स्टार्ट-अप्स, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल विकास शामिल है।राष्ट्रपति ने कहा कि इस साल भूटान अविकसित देशों के समूह से बाहर निकल जाएगा और 2034 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने की राह पर होगा। उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ते हुए भूटान को भारत के रूप में हमेशा एक विश्वसनीय मित्र का साथ मिलेगा।इससे पहले 13 सदस्यीय शिष्टमंडल ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने बहुआयामी और अद्वितीय द्विपक्षीय दोस्ती और दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग पर चर्चा की।

## बेहिसाब धन को बदलने के लिए लॉटरी एंगल पर ईडी की पैनी नजर

**कोलकाता ,एजेंसी ।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर कुछ महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए हैं। ये सुराग युवा तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता कुंतल घोष की ओर इशारा करते हैं, जिन्होंने उगाही के पैसे को जायज बनाने के लिए लटरी का इस्तेमाल किया था।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि घोष के मामले में लटरी का एंगल कुछ हद तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के खिलाफ हासिल किए गए सुरागों के समान है। घोष के लोग अलग-अलग व्यक्तियों से पुरस्कार विजेता लटरी टिकट खरीदता था और उनका उपयोग पशु-घोटाले की आय से बेहिसाब धन को खाते में बदलने में करता था।

ईडी सूत्रों ने कहा कि इस मामले में मंडल और घोष की कार्यशैली में बुनियादी अंतर है। मंडल के खिलाफ आरोप है कि उनके आदमी इन पुरस्कार विजेता टिकटों को व्यक्तियों से जबरदस्ती पुरस्कार राशि से बहुत कम राशि देकर खरीदते थे, जबकि घोष के आदमी विजेता को राजी कर ज्यादातर मामलों में जीती गई पुरस्कार राशि से थोड़ी अधिक राशि का भुगतान कर पुरस्कार-विजेता टिकट प्राप्त करते थे।

## तेलंगाना के सीएम केसीआर की बेटी का सीए गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी ।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता के साथ पूर्व में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि गोरंटला को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। बुचुबाबू गोरंटला को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी एमएलसी कविता का पूर्व सहयोगी माना जाता है, जिनका नाम पहले ही मामले में घसीटा जा चुका है। एजेंसी ने कहा कि नीति (एक्साइज पलिसी) ने हैदराबाद के थोक और खुदरा लाइसेंसधारियों और उनके लाभार्थी मालिकों को श्गलत लाभ पहुंचाया।

# कांग्रेस ने पूछा, कैसे अडानी की संपत्ति 50 हजार करोड़ से बढ़कर लाखों करोड़ हो गई

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में मौजूद रहे।

इस दौरान विपक्ष की ओर से चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि 2014 में एक उद्योगपति की संपत्ति 50 हजार करोड़ रुपए थी लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि दो ही साल में इस उद्योगपति की संपत्ति लाखों करोड़ रूपए बढ़ गई। खरगे ने अदानी का नाम लिए बिना कहा कि पीएम के एक दोस्त की संपत्ति अचानक कई गुना बढ़ गई। इसके जवाब में तुरंत नेता सदन केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह बिना आधार के आरोप लगाए जा रहे हैं। पीयूष गोयल ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह अपने नेता की संपत्ति देख लें कि 2014 में कितनी थी और आज वह संपत्ति कितनी बढ़ गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस उद्योगपति को सरकार से प्रोत्साहन व समर्थन मिला है, सरकारी बैंकों से उसे काफी रकम मिली है। खडगे ने कहा गुजरात में 31 पैसे का कर्ज बकाया होने पर एक किसान को श्नो अब्जेक्शन सर्टिफिकेट नहीं मिला, लेकिन उद्योगपतियों के हजारों करोड़ रुपए माफ किए गए। एयरपोर्ट, कोल, रोड, सीमेंट एक व्यक्ति को मिल रहा है और उसको यह खरीदने के लिए पैसा भी सरकारी बैंकों से उपलब्ध हो रहा है।

खरगे ने कहा कि मैं राष्ट्रपति को उनके अभिभाषण के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे ऐसी उम्मीद थी कि राष्ट्रपति दबाव बनाकर समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए अपने अभिभाषण में कुछ बातें शामिल करवाएंगी लेकिन मुझे निराशा हुई। खरगे ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में नीतियों की चर्चा होती है कि किन नीतियों के आधार पर हम, कैसे हम देश को चलाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं था। उन्होंने अपनी सरकार की कुछ उपलब्धियां बताई और बाकी पिछली सरकारों की खामियां गिनाई।

खडगे ने कांग्रेस के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास में बुनियाद के पत्थर डाले हैं लेकिन आज वह पत्थर नहीं दिखाए जा रहे बल्कि उन पत्थरों की बुनियाद पर बनी इमारतों को दिखाया जा रहा है।खडगे ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि आने वाला मौसम और भी खराब आने वाला है क्योंकि हमें बात करने नहीं देते अपने मुद्दों को उठाने नहीं देते।

# भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल ने रणजी ट्रॉफी में दमदार शतक जड़कर ठोका वापसी का दावा



नई दिल्ली, 2022–23। भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक टीम की तरफ से खेल रहे है। वह कर्नाटक टीम की कमान संभाल रहे है। उन्होंने टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ दमदार शतक जड़ दिया है बता दें कि मयंक ने 215 गेंदों में शतक जड़ा और अपनी टीम को शतक के दम पर एक मजबूती दी। इस शतक के बाद उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है।

**रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के खिलाफ जड़ा दमदार शतक**

दरअसल, रणजी ट्रॉफी 2022–23 के तहत बैंगलुरू में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक और सौराष्ट्र टीम आमने सामने रही। कर्नाटक टीम ने 86 ओवर के खेल खत्म होने तक पहले दिन 5 विकेट के नुकसान पर 224 बनाए। टीम के कप्तामन मयंक अग्रवाल ने 110 रनों की पारी खेली। मयंक ने 12 गेंदों में 50 रन पूरे किए है।

बता दें कि इस शतक को ठोककर उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है। मयंक ने भारतीय टीम की तरफ से अपना आखिरी इंटरनेशनल टेस्ट मार्च 12 2022 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने 22 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 21 टेस्ट खेलते हुए 1488 रन बनाए है।

अगर बात करें मयंक अग्रवाल के क्रिकेट करियर की तो बता दें उन्होंने टी–20 में अभी तक डेब्यू नहीं किया है। वहीं, 5 वनडे मैच खेलते हुए उन्होंने 86 रन बनाए है, जबकि आईपीएल में कुल 113 मैच खेलते हुए उन्होंने 2331 रन बनाए हैं।

# कार–बाइक नहीं, बल्कि खेतों में ट्रैक्टर चलाते हुए दिखें धोनी



नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहते है। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो उनकी पत्नी साक्षी धोनी के इंस्टाग्राम अकाउंट से देखने को मिलती रहती है, लेकिन हाल ही में धोनी ने पूरे 25 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में धोनी को कार या बाइक नहीं बल्कि ट्रैक्टर चलाते हुए देखा जा रहा है। उनकी इस वीडियो ने फैंस का दिल जीत दिला है।

दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक वीडियो खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह कार या बाइक्स नहीं बल्कि खेत में ट्रैक्टर चलाचे हुए देखा जा रहा है। आम तौर पर सोशल मीडिया से दूर रहने वाले धोनी ने 8 फरवरी 2023 को खेत जोतने वाली एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है, "कुछ नया सीखने में अच्छा लगा, लेकिन काम पूरा करने में काफी समय लग गया।" उनकी इस वीडियो पर फैंस ने काफी रिएक्ट किया है।

# नागपुर पिच को लेकर कंगारूओं ने मचाया बवाल



नई दिल्ली, नागपुर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट गुरुवार यानी 9 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही पिच को लेकर चर्चा चरम पर है। बता दें कि मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पिच को लेकर बीसीसीआई ) पर कई सवाल खड़े किए। इस कड़ी में अब पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया को उनके पिच से जुड़े सवालों पर जोरदार तमाचा मारा है। शास्त्र का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया अपने घर पर क्या करता है इससे हर कोई वाकिफ है।

दरअसल, भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बीच पहला टेस्ट 9 फरवरी को खेला जा रहा है। इस सीरीज के शुरू होने से पहले नागपुर पिच एक बड़ा मुद्द बना हुआ है। बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 22 गज की पट्टी को देखकर पिच पर कई सवाल खड़े किए है। इस मुद्दे पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है।

**शास्त्री ने आईसीसी से बातचीत करते हुए कहा**

'मेरा कार्यकाल में हम दो बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए हैं। हमने कभी पिच पर बहानेबाजी नहीं की। हमने किसी विदेशी सीरीज में पिच का बहाना नहीं दिया। हमने वहां खेला और जीते। अगर भारत घर पर फायदा ले रहा है तो गलत क्या है?' इसके साथ ही शास्त्री ने कहा कि अगर बॉल टर्न होती है तो पिच पर बहानेबाजी ना की जाए। शास्त्री ने कहा, अगर गेंद टर्न होने वाली है, तो होने दें। हमने तो कभी पिच की शिकायत नहीं की। ये घरेलू हालात हैं वो करो जो आपको पसंद हो। मैंने साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की सीरीज देखी है। वो शानदार थी। मैं जब तीसरे दिन उठा तो क्रिकेट मैच ही नहीं हो रहा था।

'4–0 से टेस्ट सीरीज जीतेंगा भारत' इसके अलावा रवि शास्त्री ने कहा, "भारत को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 4–0 से जीतनी चाहिए। हम घर पर खेल रहे हैं।मैंने ऑस्ट्रेलिया के दौ दौरे किए हैं। मैं जानता हूं, वहां क्या हुआ था।" बता दें ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारत के हाथों पिछले तीन टेस्ट सीरीज हारी है।

# पहले टेस्ट में एक शतक जड़ते ही रोहित शर्मा रच लेंगे इतिहास



नई दिल्ली, रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम 9 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत करेंगी। सीरीज का पहला टेस्ट नागपुर में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। बता दें कि कप्तान रोहित शर्मा करीब पांच महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे है। ऐसे में टेस्ट सीरीज में अगर रोहित एक शतक जड़ देते है, तो वह एक खास और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। दरअसल, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा काफी अनुभवी खिलाड़ी है, जिन्होंन तीनों फॉर्मेट में शानदार योगदान दिया है। बता दें कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में रोहित करीब 5 महीने बाद टेस्ट खेलने वाले है। उन्होंने पिछले साल आखिरी में जब टीम इंडिया बांग्लादेश दौरे पर गई थी, तब अचानक चोटिल होने के चलते सीरीज से बाहर होना पड़ा था। इसके बाद कप्तानी केएल राहुल को सौंपी गई थी, लेकिन अब रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इस टेस्ट सीरीज में अगर कप्तान रोहित एक शतक जड़ लेते है, तो वह भारत के पहले ऐसे कप्तान बन जाएंगे, जिन्होंने बतौर कप्तान तीनों फॉर्मेट में शतक लगाया है, ये कारनामा आजतक कोई नहीं कर पाया है।

ऐसा रहा है रोहित शर्मा का टेस्ट करियर

बता दें कि रोहित ने कुल 45 टेस्ट मैच खेले है। इस दौरान उन्होंने 3137 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 8 शतक और 1 दोहरा शतक निकला है। इस दौरान उनका उच्च स्कोर 212 का रहा है।

# नागपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच खेला जाएगा पहला टेस्ट मैच, लगभग 2000 पुलिसकर्मी होंगे तैनात





नई दिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कल यानी 9 फरवरी को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच नागपुर के वीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि पहला टेस्ट मैच सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इस मैच का क्रिकेट फैंस को बेसब्री से इंतजार है। मैच शुरू होने से कई घंटों पहले फैंस मैच देखने के लिए स्टेडियम पहुंच जाएंगे। इस बीच स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है।

दरअसल, नागपुर में भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। हाल ही में न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन में पुलिस के कम से कम 2,000 कर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) के कर्मियों को शहर के दो होटलों से जामथा क्षेत्र के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम तक के रास्ते पर तैनात किया जाएगा, जहां खिलाड़ी वर्तमान में ठहरे हुए हैं।

अधिकारी ने साथ ही कहा कि नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा और खिलाड़ियों के आने–जाने की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं। इस बैठक में यह तय हुआ कि आठ पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी), 10 सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी), 35 पुलिस निरीक्षकों, 138 सहायक पुलिस निरीक्षकों (एपीआई) और पुलिस उप–निरीक्षकों (पीएसआई) सहित 2,000 पुलिसकर्मियों को इस दौरान स्टेडियम में तैनात किया जाएगा।

**पहले टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमों की स्क्वॉड**

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव।

ऑस्ट्रेलियाः पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेपसन, डेविड वॉर्नर।

## फिल्मी सफर

# दंगल को पीछे छोड़ भारत में पठान बनी बॉलीवुड की सबसे बड़ी ब्लॉकबास्टर

शाहरुख खान की पठान बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान रचती जा रही है। शुरुआत से ही धमाकेदार प्रदर्शन कर रही फिल्म अब बॉलीवुड की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है। इस रेस में पठान ने आमिर खान की दंगल को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 400 करोड़ रुपये कमाने के करीब है। वहीं दुनियाभर में फिल्म ने 729 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। अब फिल्म की नजर बाहुबली और केजीएफ के रिकॉर्ड पर भी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार को पठान ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 398 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस आंकड़े के साथ यह दंगल को पीछे छोडक़र सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। 2016 में आई दंगल ने करीब 387 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद अब नजर फिल्म के केजीएफ–2 और बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोडऩे पर है। बाहुबली 2 (हिंदी) ने भारत में 510.99 करोड़ और केजीएफ 2 (हिंदी) ने 434.70 करोड़ कमाए थे।

एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि फिल्म इस हफ्ते केजीएफ–2 का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। असल मुश्किल बाहुबली–2 को पीछे छोडऩे में है। बाहुबली 2 के 510 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में फिल्म को अभी वक्त लग सकता है। अगर फिल्म ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया तो हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी। फिल्म की धुआंधार कमाई से सिर्फ यशराज फिल्म्स ही नहीं, पूरे फिल्म जगत में खुशी की लहर है।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की बात करें तो दंगल के बाद आमिर खान की फिल्म पीके का भी जबरदस्त क्रेज देखा गया था। इस फिल्म ने 337 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाइजान का स्थान है। इस फिल्म ने भारत में 320 करोड़ रुपये कमाए थे। सलमान और अनुष्का शर्मा की सुल्तान ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



तमाम विवादों और सुर्खियों के बाद पठान 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन ही 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म को पांच दिन लंबा वीकेंड मिला था। इस फिल्म से न सिर्फ कोरोना महामारी के बाद सिनेमाघरों की खोई रौनक वापस आई है बल्कि देशभर में बंद पड़े 25 सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर दोबारा शुरू हो गए हैं। दूसरे हफ्ते भी फिल्म की कमाई जारी है।

पठान एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। फिल्म अपने शानदार विजुअल्स और एक्शन के लिए चर्चा में है। फिल्म 4डीएक्स, आइमैक्स और आईसीई जैसे फॉर्मेट्स में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

# गर्व है मुझे लोग असली नाम के बजाय अनुपमा बुलाते है : रूपाली गांगुली



लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में लीड रोल निभा रही एक्ट्रेस रूपाली गांगुली को इस बात का गर्व है कि लोग उन्हें असली नाम के बजाय उनके किरदार के नाम से बुलाते हैं। यह शो 2020 में शुरू हुआ था और सप्ताह दर सप्ताह टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता जा रहा है।

इस सफलता को लेकर टीम जश्न मना रही है। शो के बारे में बात करते हुए रुपाली ने कहा, राजन शाही, आप एक जादूगर हैं, इसके लिए आपकी सदा आभारी हूं और हम जो हैं, उसे बनाने के लिए स्टार प्लस को धन्यवाद। हम जहां भी जाते हैं, मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं, मुझे गर्व महसूस होता है।

मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे आशा है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने कहाः मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था, लेकिन जब मैं सेट पर चलती हूं तो मुझे उनकी उपस्थिति महसूस होती है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है।

आप में से हर एक का धन्यवाद। अनुपमा स्टार प्लस पर एक भारतीय हिंदी भाषा की टीवी ड्रामा सीरीज है।

# धांसू है थलापति विजय की 67वीं फिल्म का टीजर, इसी साल होगा धमाका !!



कॉलीवुड सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म को लेकर कई दिनों से बज है। विक्रम निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आने वाली थलापति विजय की फिल्म को लेकर काफी दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म की धमाकेदार स्टारकास्ट का ऐलान किया था। इसके बाद निर्देशक ने फिल्म के नाम का खुलासा करने का ऐलान किया। अब अपने वादे को पूरा करते हुए निर्देशक लोकेश कनगराज ने थलापति विजय की 67वीं फिल्म के नाम का खुलासा कर दिया। मेकर्स ने एक धमाकेदार वीडियो जारी करते हुए फिल्म के नाम का ऐलान किया है। इस फिल्म का नाम लियो रखा गया है। इतना ही नहीं, थलापति विजय की फिल्म लियो का टीजर वीडियो दिखाते हुए निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट भी फैंस को बता दी है। दिलचस्प बात ये है कि विक्रम और मास्टर निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार भी नहीं करना होगा। ये फिल्म इसी साल 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघर पहुंचने वाली है। इतना ही नहीं, ये मास्टर और विक्रम की तर्ज पर ही पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। जाहिर है कि मास्टर और विक्रम के दीवाने फैंस निर्देशक लोकेश कनगराज की इस फिल्म को लेकर भी एक्सा-इटेड होंगे।

# साजिद खान ने निभाया अपना वादा, सौंदर्या शर्मा को अपनी फिल्म में दिया प्रस्ताव

साजिद खान हाल ही में बिग बॉस 16 में नजर आए थे और अब वह एक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसी के साथ धीरे–धीरे उनके करियर की गाड़ी पटरी पर आ रही है। साजिद ने अपनी फिल्म का ऐलान तो शो के प्रीमियर में ही कर दिया था और अब खबर है कि उन्होंने शो में उनकी दोस्त बनीं सौंदर्या शर्मा को अपनी इस फिल्म का हिस्सा बना दिया है।

बिग बॉस 16 में साजिद की सौंदर्या के साथ खूब बनती थी। साजिद ने घर के अंदर सौंदर्या के साथ भविष्य में काम करने पर चर्चा की थी और अब उन्होंने अपना वादा पूरा कर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, साजिद ने सौंदर्या को अपनी अगली फिल्म 100त्न का हिस्सा बना दिया है। इस फिल्म के एक गाने के लिए साजिद ने सौंदर्या को कास्ट किया है और वह जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने वाली हैं। साजिद ने आखिरी बार 2014 में फिल्म हमशकल्स का



निर्देशन किया था। प्त मीटू के आरोप में फंसे साजिद अब लंबे समय बाद इस फिल्म के जरिए काम पर लौट रहे हैं। इसमें शहनाज गिल, जॉन अब्राहम, नोरा फतेही और रितेश देशमुख अहम भूमिका में हैं।सौंदर्या फिनाले के दो हफ्ते पहले बिग बॉस 16 से बाहर हुईं, लेकिन वह जब तक शो में रहीं, खूब चर्चा में रहीं और उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिला। 112वें दिन में वह घर से बाहर हुई थीं। हालांकि, प्रशंसकों ने उनके एलिमिनेशन पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। सौंदर्या को टीना दत्ता, सुंबुल तौकीर खान और शालीन भनोट के साथ नॉमिनेट किया गया था। लोगों की तरफ से कम वोट मिलने के चलते सौंदर्या बेघर हुई थीं। सौंदर्या एक फिल्म अभिनेत्री हैं। हालांकि, पहले वह उतनी सुर्खियों में नहीं रहीं। बिग बॉस 16 ही उन्हें लाइमलाइट में लेकर आया। इसके बाद सौंदर्या की फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ। सौंदर्या ने 2017 में फिल्म रांची डायरीज से बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया था। पिछली बार उन्हें फिल्म थैंक गॉड में देखा गया, जिसमें उन्होंने मेहमान भूमिका निभाई।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com